नेशनल प्रेस टाइम्स
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली, सोमवार
12 मई 2025
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 73 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

# 'ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ'

## पीएम मोदी की पाकिस्तान को कड़ा संदेश

# 'वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा'



**नई दिल्ली ।** भारत ने पाकिस्तान की कायराना हरकत के बाद पीएम मोदी ने सेनाओं को सख्त निर्देश दिया है कि, अगर वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया है कि भारत को किसी के मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 'वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा'। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इसका बहुत जोरदार जवाब दिया।

**ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं- सरकार-** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। **शेष पेज 2 पर**

## कूटनीतिक जीत: आतंकवाद पर खींची स्थायी रेखा

# अपने उद्देश्य में भारत सफल... पाकिस्तान की फजीहत



नई दिल्ली ।आतंकवाद के सवाल पर भारत ने पड़ोसी पाकिस्तान के लिए एक स्थायी लक्ष्मण रेखा खींच दी। सीजफायर को स्वीकार करने से पहले भारत ने घोषित कर दिया कि अब भविष्य में देश के अंदर होने वाली एक भी आतंकी घटना को वह अपने खिलाफ युद्ध मानेगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि भविष्य में ऐसी आतंकी कार्रवाई के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के लिए भारत ने खुद को स्वतंत्र घोषित कर दिया है।

पहलगाम पर बर्बर और अमानवीय आतंकी हमला मामले में पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर भारत ने अपना मकसद पूरा कर लिया। आतंकवाद के सवाल पर भारत ने पड़ोसी पाकिस्तान के लिए एक स्थायी लक्ष्मण रेखा खींच दी। सीजफायर को स्वीकार करने से पहले भारत ने घोषित कर दिया कि अब भविष्य में देश के अंदर होने वाली एक भी आतंकी घटना को वह अपने खिलाफ युद्ध मानेगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि भविष्य में ऐसी आतंकी कार्रवाई के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के लिए भारत ने खुद को स्वतंत्र घोषित कर दिया है। इसका सीधा अर्थ है कि पाकिस्तान भविष्य में ऐसी आतंकी कार्रवाई के लिए भारत की सीधी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

करीब चार दिन की तनातनी के बाद कूटनीतिक विशेषज्ञ युद्ध विराम पर भारत की सहमति को लेकर अपने निष्कर्ष के लिए स्वतंत्र हैं। दोनों पक्षों के समर्थन और विरोध में कई तर्क दिए जा रहे हैं। हालांकि सही निहितार्थ में देखें, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत अपने उद्देश्य में सफल रहा है। कूटनीतिक मोर्चे पर पाकिस्तान की दुनिया भर में फजीहत हुई है।

**रवैया नहीं बदला तो बढ़ेंगी मुश्किलें-** यह भी साफ हुआ है कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद को पोषित और संरक्षण देने की नीति पर कायम रहा तो आने वाले समय में उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। यह मुश्किलें ऐसे समय में बढ़ेंगी जब पाकिस्तान आर्थिक और आंतरिक मोर्चे पर बुरी तरह से संघर्ष कर रहा है। **शेष पेज 2 पर**

## कश्मीर मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता की पेशकश पर विवाद, कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली ।** कपिल सिब्बल ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, 'इस ट्वीट पर भी कई सवाल उठेंगे... तो क्या हुआ (भारत-पाकिस्तान समझौते के बारे में), कैसे और क्यों, इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं दी गई है... इसलिए हम आज कोई आलोचना नहीं करेंगे। हम केवल एक विशेष संसद सत्र और एक सर्वदलीय बैठक बुलाना चाहते हैं।'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता की पेशकश कर विवाद खड़ा कर दिया है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने ट्रंप के हालिया बयान की आलोचना की और मोदी सरकार पर भी निशाना साधा। सिब्बल ने कहा कि ट्रंप के बयान से कई सवाल उठेंगे और विपक्ष को इस मुद्दे पर गलत जानकारी दी गई।

**शेष पेज 2 पर**

## आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, आतंकी जिस भाषा में समझेंगे उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे:सीएम योगी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। इस समस्या का तब तक समाधान नहीं हो सकता जब तक आतंकवाद को पूरी तरह कुचल नहीं देते।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाला नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व सीएम योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड'का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद की समस्या का समाधान तब तक नहीं हो सकता जब तक हम इसे पूरी तरह से कुचल नहीं देते। आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सभी को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्वर में मिलकर लड़ना होगा। **शेष पेज 2 पर**

## राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की



**नई दिल्ली ।** राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा, 'मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दोनों देशों के संघर्ष-विराम के लिए तैयार होने की घोषणा पर चर्चा करना अहम है।'

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकवादी हमले और सीमा पार से गोलीबारी के मामले में ताजा घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

राहुल ने अपने पत्र में लिखा, 'मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए।

**शेष पेज 2 पर**

### देश की सुरक्षा में बड़ा कदम

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस सुविधा का किया उद्घाटन




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हमने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है। ब्रह्मोस हमारे सशस्त्र बलों की ताकत और हमारे दुश्मन के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता का संदेश है। ब्रह्मोस अपने आप में हमारे दुश्मन के लिए एक संदेश है।'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें सशस्त्र बलों की ताकत और दुश्मन के खिलाफ देश की प्रतिरोधक क्षमता का संदेश हैं।

राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आज ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर, मुझे आपसे बात करके बहुत खुशी हो रही है। मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें शामिल होना चाहता था। लेकिन आप जानते हैं कि मैं क्यों नहीं आ सका। हम जिस स्थिति का सामना कर रहे हैं,

**शेष पेज 2 पर**

### खुलासा | पुलवामा और पहलगाम हमलों में पाकिस्तान की भूमिका

# वर्षों के इनकार के बाद सच्चाई का खुलासा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान वायु सेना के महानिदेशक जनसंपर्क एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने पुलवामा में अपनी सामरिक प्रतिभा से उन्हें यह बताने की कोशिश की...।' यह स्वीकारोक्ति महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पहले पाकिस्तान ने पुलवामा और पहलगाम हमलों में अपनी संलिप्तता से इनकार किया था और भारत से सबूत मांगता था।

पाकिस्तानी सेना ने 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में अपनी भूमिका स्वीकार की है। इस हमले में 40 अर्धसैनिक कर्मियों की मौत हुई थी। पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने विदेशी संवाददाताओं सहित दर्जनों मीडिया कर्मियों के सामने इस हमले को अपनी 'रणनीतिक प्रतिभा' बताया। यह स्वीकारोक्ति वर्षों के इनकार के बाद आई है।

पाकिस्तान वायु सेना के महानिदेशक जनसंपर्क एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने पुलवामा में अपनी सामरिक प्रतिभा से उन्हें यह बताने की कोशिश की...।' इस बयान से पाकिस्तान की ओर से पुलवामा हमले और पहलगाम हमले को लेकर इस्तेमाल किए जा रहे छलावरण कवर को नष्ट कर दिया गया है। यह स्वीकारोक्ति महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पहले पाकिस्तान ने पुलवामा और पहलगाम हमलों में अपनी संलिप्तता से इनकार किया था और भारत से सबूत मांगता था। अब यह स्वीकारोक्ति पाकिस्तान के दावों के विपरीत है और उसकी भूमिका को उजागर करती है।

**पाकिस्तानी वायु सेना की स्वीकारोक्ति-** आईएसपीआर के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी और नौसेना के प्रवक्ता की मौजूदगी में औरंगजेब अहमद ने कहा, 'अगर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र, भूमि, जल या उसके लोगों को खतरा है, तो कोई समझौता नहीं हो सकता। इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। हम अपने राष्ट्र के प्रति ऋणी हैं। पाकिस्तानी लोगों को अपने सशस्त्र बलों पर गर्व और भरोसा है, जिसे हम हमेशा हर कीमत पर बनाए रखते हैं। हमने पुलवामा में अपनी सामरिक प्रतिभा के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की;

**शेष पेज 2 पर**

# मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ युद्ध रोककर सेंदुर का अपमान किया हैः डॉ. भबेन चौधरी

## आम आदमी पार्टी ने किया भारत सरकार के संघर्ष विराम के फैसले की कड़ी आलोचना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** असम : आम आदमी पार्टी की असम राज्य समिति (आप) ने अमेरिका की मध्यस्थता में पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की भारत सरकार की घोषणा की कड़ी आलोचना की है। मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में असम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भबेन चौधरी ने कहा कि संघर्ष विराम ने देश के लाखों जवानों का मनोबल तोड़ा और नरेंद्र मोदी सरकार ने संदूर का अपमान किया। क्योंकि यह पाकिस्तान को उचित सबक सिखाने का सही समय था, जो आतंकवाद का सीधा प्रायोजक है। वर्षों से



आतंकवाद का बचाव करके शांतिप्रिय भारत पर पाकिस्तान की नारकीय कार्रवाई पूरे भारत में सभी सैन्य और नागरिकों को नुकसान पहुंचा रही है।

आम आदमी पार्टी (आप), असम ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द्वारा कश्मीर के पहलगाम में जो हृदय विदारक घटना घटित किया उसका मुंहतोड़ जवाब देने का यह सही समय है। आप, असम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भबेन चौधरी ने कहा कि आतंकवाद का गढ़ कहे जाने वाले पाकिस्तान से निपटने के लिए एकमात्र रास्ता युद्ध की जरूरत है।

# दिल्ली-NCR में बदला मौसमः चली धूल भरी आंधी, दिनभर की गर्मी से मिली राहत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** नई दिल्ल। मौसम विभाग की माने तो सोमवार सुबह बादल छाए रहेंगे। बारिश का दौर खत्म हो चुका है और सूरज तल्ख तेवर दिखाएगा। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं।

रविवार को दिल्ली-समेत पूरे एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा चलने की वजह से दिनभर की गर्मी से राहत का अहसास हुआ। लेकिन धूल भरी आंधी चलने के कारण पैदल चालक और दो पहिया चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कई इलाकों में बिजली गुल होने के कारण अंधेरा छाया रहा। इसके अलावा बाजारों में जाम का नजारा देखने को मिला।



वहीं मौसम विभाग की माने तो सोमवार सुबह बादल छाए रहेंगे। बारिश का दौर खत्म हो चुका है और सूरज तल्ख तेवर दिखाएगा। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 14 मई से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

इधर, रविवार को आसमान साफ रहा। सूरज की तपिश ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। शाम के समय मौसम विभाग की वेबसाइट पर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हुआ, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रिज में सबसे अधिक 38.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। आया नगर में 38.4, पालम में 38.2 व लोधी रोड में 37.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। रिज में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्रों के मुताबिक सबसे कम 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पेज एक का शेष...

## 'वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा

यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे 'न्यू नॉर्मल' की तरह स्वीकार करना होगा।

'हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं'- भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

क्या है ऑपरेशन सिंदूर?-यह ऑपरेशन भारत की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई एक बड़ी सैन्य मुहिम है। इसका मकसद न सिर्फ सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना है, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना भी है कि अब भारत हर हमले का जवाब तुरंत और तगड़ा देगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हाल ही में बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर जबरदस्त हमला किया गया। भारत ने इस कार्रवाई में अपने सबसे आधुनिक और शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल किया। यह हमला इसलिए भी अहम था क्योंकि जैश-ए-मोहम्मद का गठन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने किया था। सूत्रों का कहना है कि यह सीधा संदेश था कि भारत अब आतंक को बढ़ावा देने वालों को भी निशाना बनाएगा।

पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर-22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया।

## अपने उद्देश्य में भारत सफल... पाकिस्तान की फजीहत

अब सवाल है कि इस संघर्ष विराम को कैसे देखा जाना चाहिए? इस संघर्ष विराम के राजनीतिक और कूटनीतिक निहितार्थ क्या हैं? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि सैन्य और कूटनीतिक संघर्ष में जीत किसके हाथ लगी है? मेरा मानना है कि संघर्ष विराम को भारत के कूटनीतिक रणनीति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह बेहद महत्वपूर्ण है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमला मामले में पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। निशाना बनाने से पहले भारत पूर्व की तरह दुनिया के आगे कूटनीतिक मोर्चे पर पाकिस्तान को अलग—थलग करने की मुहिम से दूर रह कर सीधी कार्रवाई की। यह सीधी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि अब अपने खिलाफ आतंकी घटनाओं के बाद भारत दुनिया के आगे रोने और मध्यस्थता की गुजारिश करने के बदले सीधी कार्रवाई करेगा।

आतंकी संगठनों के खिलाफ लड़ाई का संदेश देने में सफल रहा भारत-भारत की कूटनीतिक रणनीतिक दूसरा पहलु अत्यंत महत्वपूर्ण है। सैन्य कार्रवाई के जरिए भारत पाकिस्तान के उकसावे में नहीं आया। उसने दुनिया को सफल संदेश दिया कि उसकी लड़ाई पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकी संगठनों के खिलाफ है। उन आतंकी संगठनों के खिलाफ जिसे पाकिस्तान में वित्तीय और राजनीतिक संरक्षण हासिल है।

वैश्विक मंच पर पाकिस्तान बेनकाब- पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई को अपने नागरिकों के खिलाफ हमला करार दिया, हालांकि जैसे-जैसे इस कार्रवाई में पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे समेत दूसरे आतंकियों के मारे जाने की सूचना सामने आई, उससे पाकिस्तान वैश्विक मंच पर बुरी तरह से बेनकाब हो गया। भारत अपने सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई का माकूल जवाब दे सकता था। कई मोर्चे पर कार्रवाई भी की, मगर यह संदेश देने में सफल रहा कि वह पाकिस्तान ही है, जो आतंक के खिलाफ लड़ाई को युद्ध में बदलने पर आमदा है।

खाड़ी देश भी समर्थन में नहीं उतरे- भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद वैश्विक स्तर पर मचे हलचल पर भी ध्यान देने की जरूरत है। पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका यह लगा कि एक भी खाड़ी देश उसके समर्थन में नहीं आया। 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण के बाद सउदी अरब से लेकर ईरान तक तमाम इस्लामिक देश उसके समर्थन में खड़े हो गए थे। सउदी ने तो परीक्षण तक पाकिस्तान को प्रतिदिन मुफ्त में 50 हजार बैरल तेल देने की घोषणा की थी। अब भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद तुर्किए तो छोड़ कर एक भी इस्लामिक देश उसके समर्थन में खड़ा नहीं हुआ। ईरान, सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात ने तटस्थ देश की भूमिका निभाई। यहां तक की चीन ने भी सार्वजनिक तौर पर पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। इसके उलट रूस समेत अन्य पश्चिमी देश भारत के पक्ष में परोक्ष और प्रत्यक्ष खड़ा नजर आए।

## आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, आतंकी जिस भाषा में समझेंगे उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगेःसीएम योगी

आतंकवाद कभी भी प्यार की भाषा नहीं अपना सकता। उसे उसी की भाषा में जवाब देना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है।

अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है उत्तर प्रदेश- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है। वीडीएल झांसी में आ रहा है। उसका काम बहुत तेजी से आगे बढ़ चुका है। विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ा है वह उसे प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की थी, लेकिन यह कहां बनेगी इसकी घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने इसी लखनऊ में की थी। उत्तर प्रदेश में इसके लिए 6 नोड तय किए गए। इनमें राजधानी लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए चुना गया। 2019 में केंद्र में जब पुनः सरकार बनी तब रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने 2020 में पहली बार लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया। तब उन्होंने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की प्रोडक्शन यूनिट लगाने की घोषणा की थी।

कई सौ गुना बढ़ा रक्षा उत्पादन और निर्यात-सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर डिफेंस कॉरिडोर के जो 6 नोड विकसित हो रहे हैं इन पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे पहले हमने कानपुर में रक्षा सेनाओं के लिए गोला बारुद के उत्पादन केंद्र का शुभारंभ किया था। अब उसके विस्तार के लिए भी भूमि की मांग हो रही है। लखनऊ में भी ब्रह्मोस को जैसे ही 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी भी यहां पर आया है। पीटीसी ने न केवल ब्रह्मोस के लिए बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है। यहां ब्रह्मोस से जुड़ी हुई लगभग 7 एंकर यूनिट लग रही हैं। उन्होंने कहा कि 2013-14 में भारत का जो रक्षा उत्पादन था आज हम उससे कई सौ गुना ज्यादा उत्पादन और निर्यात कर रहे हैं। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ दुनिया के तमाम मित्र देशों को रक्षा सामग्री निर्यात करके उनकी सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति का भी काम कर रहे हैं।

डिफेंस कंपनियों से जुड़ रहे स्थानीय युवा -सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हमारा लक्ष्य था कि 6 डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में हमें 50,000 करोड़ रुपए के निवेश कराने हैं, एक लाख युवाओं को रोजगार भी देना है। अब तक हमारे साथ डिफेंस एक्सपो के साथ ही देश और दुनिया के अलग-अलग भागों से 57 एमओयू हो चुके हैं जिनके माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ के निवेश सिर्फ डिफेंस सेक्टर से ही होने जा रहे हैं। लगभग 60 हजार नौजवानों को हम लोग नौकरी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

ब्रह्मोस, पीटीसी, डीआरडीओ, एलएंडटी और सभी इकाइयों को धन्यवाद दूंगा, जो स्थानीय स्तर के नौजवानों को प्रशिक्षित करके रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जिस राज्य में नौकरी नहीं होती थी, पलायन होता था, आज वहां पर निवेश भी हो रहा है आज वहां पर एमएसएमई यूनिट एक एंकर यूनिट के रूप में बेस तैयार कर रहा है।

आज यूपी में व्यक्ति भी सुरक्षित और पूंजी भी सुरक्षित-पहले कंपनियों को यहां आने में समस्या होती थी क्योंकि पॉलिसी नहीं थी, सुरक्षा का अभाव था। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं तो पूंजी कहां सुरक्षित रहने वाली है। आज व्यक्ति भी सुरक्षित है, पूंजी भी सुरक्षित है और देश की सुरक्षा की आवश्यकता की पूर्ति के लिए भी हम मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज एक रिच इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे पास है। डीआरडीओ का केंद्र, ब्रह्मोस मिसाइल के साथ-साथ एंकर यूनिट के रूप में पीटीसी की उपस्थिति और अन्य महत्वपूर्ण रक्षा उत्पादन के लिए किए जाने वाले निवेश इस बात की गवाह है कि उत्तर प्रदेश इस दिशा में भारत की आवश्यकताओं की आपूर्ति करने के लिए पूरी मजबूती के साथ एक ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की रक्षा उत्पादन की आत्मनिर्भरता में अपना योगदान देने में पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। यहां पर अभी डीआरडीओ को या फिर ब्रह्मोस जैसे रक्षा उत्पादन से जुड़े अन्य कार्यक्रमों के लिए जितनी भी भूमि की आवश्यकता पड़ेगी, उत्तर प्रदेश सरकार पहले की तरह इसमें भरपूर मदद करेगी। इस अवसर पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद ब्रजलाल, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, पीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की

लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दोनों देशों के संघर्ष-विराम के लिए तैयार होने की घोषणा पर चर्चा करना अहम है। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि आप इस मांग पर गंभीरतापूर्वक और शीघ्रता से विचार करेंगे।'

खरगे ने अपने पत्र में उनके और राहुल गांधी की ओर से 28 अप्रैल को लिखे गए पत्रों का जिक्र किया, जिनमें प्रधानमंत्री से पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, 'ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आपको फिर से पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने के सभी विपक्षी दलों के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध से अवगत कराया है, ताकि पहलगाम हमले, ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण और संघर्ष-विराम की घोषणा पहले वाशिंगटन और बाद में भारत व पाकिस्तान की सरकारों द्वारा किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की जा सके।'

खरगे ने कहा, 'राज्यसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर मैं इस अनुरोध के समर्थन में पत्र लिख रहा हूं। मुझे विश्वास है कि आप (हमारी मांग से) सहमत होंगे।'

## वर्षों के इनकार के बाद सच्चाई का खुलासा

अब, हमने अपनी परिचालन प्रगति और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया है। मेरा मानना ??है कि उन्हें ध्यान देना चाहिए।'

लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी का विवादित अतीत-लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी के पिता सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद एक परमाणु वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन से मुलाकात की और आतंकवादियों को परमाणु हथियार तकनीक सौंपने की कोशिश की। इस वजह से सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अल-कायदा प्रतिबंध समिति की आतंकवादियों की सूची में शामिल हैं।

पुलवामा हमले पर पाकिस्तान का रुख-पाकिस्तान ने पुलवामा हमले में अपनी भूमिका से लगातार इनकार किया है, जिसमें 40 सीआरपीएफ कर्मियों की मौत हुई थी। हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी, लेकिन पाकिस्तान ने सबूत मांगे और भारत के आरोपों का खंडन किया। यहां तक कि हमलावर आदिल अहमद डार को जेईएम से जोड़ने वाले भारत के डोजियर के बावजूद पाकिस्तान का इनकार जारी रहा।

## कश्मीर मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता की पेशकश पर विवाद, कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

कपिल सिब्बल ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, 'इस ट्वीट पर भी कई सवाल उठेंगे... तो क्या हुआ (भारत-पाकिस्तान समझौते के बारे में), कैसे और क्यों, इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं दी गई है... इसलिए हम आज कोई आलोचना नहीं करेंगे। हम केवल एक विशेष संसद सत्र और एक सर्वदलीय बैठक बुलाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं सभी राजनीतिक दलों से अपील करना चाहता हूं कि जब तक सरकार उन्हें आश्वासन नहीं देती कि प्रधानमंत्री भी बैठक में मौजूद रहेंगे, तब तक वे बैठक में शामिल न हों... मुझे पूरा भरोसा है कि अगर डॉ. मनमोहन सिंह आज प्रधानमंत्री होते, तो वे सर्वदलीय बैठक में मौजूद होते और एक विशेष सत्र भी बुलाया जाता।'

इससे पहले, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने रविवार को कहा कि यह मुद्दा बाइबिल में वर्णित 100 साल पुराना संघर्ष नहीं है, बल्कि यह केवल 78 साल पहले शुरू हुआ था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिकी प्रतिष्ठान में किसी को अपने राष्ट्रपति @ढडळवर @१ीं 'ऊङ्कल्लं 'ळि१४स्र को गंभीरता से शिक्षित करने की आवश्यकता है कि कश्मीर बाइबिल में वर्णित 1000 साल पुराना संघर्ष नहीं है। यह 22 अक्टूबर, 1947-78 साल पहले शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर के स्वतंत्र राज्य पर आक्रमण किया था, जिसे बाद में 26 अक्टूबर, 1947 को महाराजा हरि सिंह द्वारा 'पूर्ण' रूप से भारत को सौंप दिया गया था, जिसमें अब तक पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्र शामिल हैं। इस सरल तथ्य को समझना कितना मुश्किल है?'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस सुविधा का किया उद्घाटन

## उसे देखते हुए मेरे लिए दिल्ली में रहना महत्वपूर्ण था। इसलिए, मैं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपसे जुड़ रहा हूँ।'

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, 'आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। 1998 में इसी दिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हमारे वैज्ञानिकों ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और दुनिया को भारत की ताकत दिखाई थी। वह परीक्षण हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, रक्षा कर्मियों और कई अन्य हितधारकों के अथक प्रयासों का परिणाम था। हमने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है। ब्रह्मोस हमारे सशस्त्र बलों की ताकत और हमारे दुश्मन के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता का संदेश है। ब्रह्मोस अपने आप में हमारे दुश्मन के लिए एक संदेश है।'

पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, 'भारत विरोधी और आतंकी संगठन जिन्होंने भारत माता के मुकुट (कश्मीर) पर हमला किया और कई परिवारों के 'सिंदूर' को मिटा दिया, भारतीय सशस्त्र बलों ने #ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन्हें न्याय दिलाया। इसलिए, पूरा देश भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक भी है। आतंकवाद के खिलाफ यह ऑपरेशन भारत की इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति और क्षमता का प्रदर्शन भी था। हमने दिखाया है कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके नेताओं के लिए सुरक्षित नहीं होगी।'

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, 'भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। हमने कभी उनके नागरिकों को निशाना नहीं बनाया। लेकिन पाकिस्तान ने न केवल भारत में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया, बल्कि मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर भी हमला करने का प्रयास किया। वीरता और बहादुरी के साथ, भारतीय सशस्त्र बलों ने संयम दिखाया और पाकिस्तान में अन्य स्थानों को निशाना बनाकर करारा जवाब दिया। हमने न केवल सीमा के पास सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों की गूंज रावलपिंडी में भी सुनी गई, जहां पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय स्थित है।'

अंत में उन्होंने कहा कि उरी की घटना के बाद, पूरी दुनिया ने देखा कि भारत में आतंकवादी हमले करने का क्या परिणाम होता है, जब हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। उन्होंने पुलवामा के बाद भी देखा, जब बालाकोट एयरस्ट्राइक की गई। पहलगाम की घटना के बाद, दुनिया देख रही है कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में घुसकर कई हमले किए। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के रास्ते पर चलते हुए, हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह 'नया भारत' है जो सीमा के दोनों ओर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कदम उठाएगा। हमारे पीएम ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया है।

ब्रह्मोस मिसाइल की विशेषता

ब्रह्मोस मिसाइल एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जो अपनी गति और सटीकता के लिए जानी जाती है। यह मिसाइल विभिन्न प्लेटफार्मों से दागी जा सकती है, जिसमें पनडुब्बी, जहाज, लड़ाकू विमान और जमीन शामिल हैं।

# बागपत के नेथला गांव में निषाद पार्टी की अहम बैठक, 2026 चुनावों को लेकर रणनीति तैयार

एनपीटी ब्यूरो

बागपत/नेथला-गांव नेथला में निषाद पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी जिला पंचायत, ग्राम प्रधान, बीडीसी एवं 2026 के जिला स्तरीय चुनावों को लेकर संगठन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य था – सदस्यता अभियान को गति देना, राजनीतिक जागरूकता बढ़ाना और निषाद समाज को संगठित कर राजनीतिक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत करना। वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर समाज को सत्ता में



भागीदारी दिलानी है, तो छोटे-छोटे चुनावों से शुरूआत करनी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला परिषद तक यदि समाज की हिस्सेदारी मजबूत होगी, तभी राजनीतिक सम्मान, अधिकार और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे जनपद की तीनों विधानसभाओं में कड़ी मेहनत करें और निषाद पार्टी के अधिक से अधिक प्रत्याशी मैदान में उतारने की दिशा में काम करें। साथ ही सदस्यता अभियान को गाँव-गाँव तक ले जाकर समाज के हर वर्ग को जोड़ने की बात कही गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी जोर दिया कि सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण तभी संभव है जब समाज राजनीति को जिम्मेदारी के रूप में अपनाए, न कि सिर्फ दर्शक बनकर देखता रहे।

सभा के अंत में संगठन के विभिन्न स्तरों पर काम कर रहे सदस्यों ने एकजुटता और अनुशासन के साथ मिशन 2026 के लिए संकल्प लिया।

**गांव-स्तर पर राजनीतिक चेतना फैलाने की पहल।**

सदस्यता अभियान में तेजी लाने पर बल। जिला पंचायत, ग्राम प्रधान व बीडीसी चुनावों में निषाद समाज की भागीदारी बढ़ाने की रणनीति।

भविष्य की पीढ़ी के लिए राजनीतिक सक्रियता को जरूरी बताया गया। संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद।

# जैन संत गुप्ति सागर जी महाराज ने किया बडौत नगर में मंगल प्रवेश

एनपीटी ब्यूरो



बागपत। बामनोली से मंगल विहार करके परम पूज्य उपाध्याय श्री गुप्ति सागर महाराज ने बड़ौत नगर के श्री 1008 अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी बड़ौत में मंगल प्रवेश किया।

उपाध्याय संघ की मंगल प्रवेश यात्रा बिजरौल रोड स्थित नरेश चंद्र जैन की आरा मशीन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई श्री अजितनाथ जैन मंदिर पहुंची। जहां पर जैन श्रद्धालुओं द्वारा उपाध्याय श्री का पाद प्रक्षालन किया गया और आरती की गई। उपाध्याय श्री के सानिध्य में जैन श्रद्धालुओं ने अजितनाथ भगवान का अभिषेक किया और शांति धारा की। उसके पश्चात मंदिर जी में मंगल प्रवचन देते हुए उपाध्याय श्री गुप्ति सागर जी महाराज ने कहा कि इस समय देश में वातावरण बिगड़ा हुआ है तो आपको आवश्यकता है जिनेंद्र भगवान की शरण में रहने की और गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलने की। भगवान का शरना ही सभी प्रकार के संकटों को दूर करता है। हम सभी को नवकार मंत्र का जाप करके ,जो देश के वीर सिपाही सीमा पर लड़ रहे हैं, उनके अच्छे स्वास्थ्य हेतु जिनेंद्र भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए ।भगवान महावीर और हमारे तीर्थंकर क्षत्रिय थे। जैन धर्म वीरों का धर्म है। हमें भी अपने देश के वीर जवानों की तरह अपने देश के सेवा में पूर्ण सहयोग देना चाहिए। उपाध्याय श्री ने कहा कि जीना है तो आज में जियो। भूत या भविष्य में नहीं। जो व्यक्ति पहले ही भविष्य के सपने देखता है भविष्य के लिए संग्रह करता है।

वह वास्तव में अपने आज की प्रसन्नता प्राप्त नहीं कर सकता। इसलिए आज को खुशनुमा बनाओ और धर्म के मार्ग पर चलो। सभा का संचालन पंडित श्रेयांश जैन ने किया। सभा में सुभाष जैन, राजकुमार जैन, वरदान जैन, सुधीर जैन,आशीष जैन, अंकुर जैन, राकेश जैन ,हंस कुमार जैन ,मुकेश जैन ,प्रदीप जैन ,अनिल जैन, विपिन जैन, विकास जैन आदि उपस्थित थे।

# यूपीः अब शहरों में अवैध पार्किंग चलाने पर लगेगा भारी जुमार्ना, कैबिनेट से मंजूरी के बाद नियमावली हुई जारी

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो

लखनऊ। यूपी अब अवैध रूप से पार्किंग चलाना महंगा पड़ेगा। अवैध पार्किंग चलाने में पकड़े जाने पर न्यूनतम पांच हजार तक जुमार्ना देना पड़ सकता है।

नगर निकाय के अधिकारियों से गठजोड़ कर-के शहरों में अब मनमाने तरीके से अवैध पार्किंग का धंधा नहीं चल पाएगा। पार्किंग के लिए जारी नई नियमावली में अवैध पार्किंग के धंधे पर तगड़ा जुमार्ना लगाने की व्यवस्था की गई है। निकाय सीमा क्षेत्र में अवैध रूप से पार्किंग ठेका चलाने वालों को अब न्यूनतम 5000 रुपये तक का जुमार्ना भरना होगा।

बता दें कि प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद नगर विकास विभाग ने शहरी क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग के लिए नई नियमावली जारी की है। पहले चरण में नगर निगम वाले शहरों में इस नियमावली को लागू किया गया है। इसमें जहां लोगों को बेहतर पार्किंग



की सुविधा देने की व्यवस्था है, वहीं अवैध पार्किंग का धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं। उप्र नगर निगम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर 5000 रुपये न्यूनतम जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है।

सीएम योगी बोलेः प्रदेश में डिफेंस सेक्टर में होगा 30 हजार करोड़ का निवेश, 60 हजार नौकरियों को होगा सृजन

अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया है। यह भी देखा जाएगा कि अवैध पार्किंग उस जगह पर कितने दिनों से चल रही है। उसको अवैध पार्किंग से कितनी कमाई हुई होगी, इस आधार पर जुमार्ना वसूला जाएगा। जरूरत पड़ी तो अवैध पार्किंग चलाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

इसके साथ ही लाइसेंस लेकर पार्किंग चलाने वाला यदि नियमों का उल्लंघन करता है और उसका भी लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनी समिति का यह काम होगा कि एक टीम बनाकर शहर में बने पार्किंग स्थलों का भ्रमण कराए। इस दौरान आम लोगों से फीड बैक भी लिया जाएगा।

# युवक से शादी के नाम पर रुपये और जेवरात की ठगी

## फेरे होने के बावजूद नहीं भेजी दुल्हन

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो

मोदीनगर, धर्मपुरी कॉलोनी निवासी एक युवक के साथ शादी के नाम पर एक लाख रुपये और तीन जोड़ी सोने के जेवरात ठगने का मामला सामने आया है। मामला तब और चौंकाने वाला बन गया जब युवक बारात लेकर जिला फर्रुखाबाद गया, फेरे भी हुए, लेकिन विदाई के समय दुल्हन को भेजने से इनकार कर दिया गया। फर्रुखाबाद में शादी की तारीख तय की गई। पूनम के भाई ने अपने रिश्तेदारों के साथ बारात ले जाकर मंड़प में फेरे लिए। लेकिन विदाई के समय लड़की पक्ष ने दुल्हन को भेजने से इनकार कर दिया और पैसों की मांग करने लगे। महिला का आरोप है कि शादी के नाम पर पहले ही एक लाख रुपये नकद और तीन जोड़ी सोने के जेवरात दिए जा चुके थे। इसके बावजूद विदाई नहीं की गई।

धर्मपुरी कॉलोनी निवासी नहीं की गई। साथ ही, अब जब पीड़िता पूनम, ने मोदीनगर थाने वह लोग पैसे वापस मांग रहे हैं, में इस संबंध में तहरीर दी। पूनम तो आरोपी जान से मारने की ने बताया कि उसके भाई की धमकी दे रहे हैं। शादी में देरी हो रही थी। इसी महिला ने यह भी आरोप दौरान नगर की एक कॉलोनी लगाया कि लड़की को ब्राह्मण की महिला ने भरोसा दिलाया बताया गया था, जबकि वह कि वह उसके भाई की शादी दूसरे समुदाय की निकली। एक ब्राह्मण लड़की से करा एसीपी मोदीनगर ने बताया देगी, लेकिन खर्चा करना कि मामले की जांच की जा रही पड़ेगा। है। आरोपियों के खिलाफ सख्त रिश्ता तय होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# मई अंत से शुरू हो सकती है श्रीनगर की सीधी उड़ान, पहलगाम हमले के बाद ठप हुईं थीं सेवाएं

लखनऊ : लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से श्रीनगर को उड़ने वाली डायरेक्ट विमान सेवा इसी महीने के अंत से फिर से शुरू हो सकती है।

लखनऊ से श्रीनगर की सीधी उड़ान मई के आखिरी हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसा होने से यात्रियों को काफी आसानी हो जाएगी। फिलहाल एयरलाइन रूट पर फीजिबिलिटी को एक बार फिर से जांचेगी, ताकि दोबारा उड़ान सेवा को बंद न करना पड़े।

बीती 30 मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीनगर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की गई थी। इंडिगो एयरलाइंस की




सीधी फ्लाइट 6ई 6945 सुबह 5:20 रवाना होकर सुबह 7:15 बजे श्रीनगर पहुंच रही थी। वापसी में इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 6524 श्रीनगर से शाम 5:50 बजे प्रस्थान कर शाम 7:40 बजे लखनऊ पहुंचती थी।

इस सीधी उड़ान को अच्छी संख्या में यात्री मिल रहे थे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद यात्रियों की संख्या घटनी शुरू हो गई थी। ऐसा भी समय आया जब यात्री संख्या 180 से घटकर 35 पहुंच गई। नुकसान के चलते यह सेवा बंद कर दी गई। एयरलाइन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि मई अंत से इसके फिर से शुरू होने की उम्मीद है। इसके पहले एयरलाइन प्रशासन रूट पर फीजिबिलिटी को एक बार फिर से जांचेगा तथा सर्वे करेगा।

# जम्मू से यूपी आने वालों के लिए चलेंगी दो और स्पेशनल ट्रेनें, 8500 से अधिक पर्यटक अभी भी वहां

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो

लखनऊ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू और कश्मीर में फंसे हुए यूपी के लोगों को निकालने के लिए दो और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते जम्मू से लखनऊ व आसपास के जिलों में लौटने वाले ट्रेनों की लंबी वेटिंग से परेशान हैं। 8500 से अधिक यात्री वेटिंग में हैं। खास बात यह है कि विमान सेवाएं भी बंद होने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत देगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। जम्मू में पाकिस्तानी ड्रोन व मिसाइल से हमला होने के बाद लखनऊ से घूमने गए पर्यटक वापस लौटने लगे हैं। लेकिन ट्रेनों की वेटिंग उनकी वापसी में अड़ंगा लगा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जम्मू में फिलवक्त 8500 से अधिक पर्यटक हैं, जो ट्रेनों की वेटिंग से जूझ रहे हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन की ओर से उनकी सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की जा रही है। अभी एक स्पेशल ट्रेन वाराणसी समर स्पेशल(04604) चलाई जा रही है। रेलवे दो और स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। यह ट्रेनें जम्मू से लखनऊ, गोरखपुर होते हुए कोलकाता के लिए संचालित होंगी। इनसे यात्रियों की घर वापसी आसान हो सकेगी।

जम्मू से लखनऊ आने वाली गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस(12588) की स्लीपर में शनिवार को 121, थर्ड एसी में 80, सेकेंड व फर्स्ट एसी में 21, आठ वेटिंग रही। बेगमपुरा एक्सप्रेस(12238) की स्लीपर में रविवार, सोमवार व मंगलवार को 84, 34, 22, थर्ड एसी में 41, 20, 15 वेटिंग है। कोलकाता एक्सप्रेस(13152) की स्लीपर में शनिवार को 233 व रविवार को 98 एवं थर्ड एसी में 80 व 58 वेटिंग रही। अर्चना एक्सप्रेस(12356) की स्लीपर में रविवार को 89, थर्ड एसी में 83 वेटिंग तथा हिमगिरी एक्सप्रेस(12332) की स्लीपर में 107 एवं थर्ड एसी में 63 वेटिंग रही।

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच चंडीगढ़, जम्मू व श्रीनगर एयरपोर्ट को सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया है। ऐसे में इन जगहों पर फंसे पर्यटकों के लिए वापसी की राह और भी मुश्किल हो गई है। यात्रियों की निर्भरता ट्रेनों पर बढ़ गई है, जिससे सीटों की मारामारी से यात्रियों को जूझना पड़ रहा है।

# एम योगी बोलेः प्रदेश में डिफेंस सेक्टर में होगा 30 हजार करोड़ का निवेश, 60 हजार नौकरियों को होगा सृजन

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि आने वाले समय में यूपी में डिफेंस सेक्टर को और बेहतर बनाया जाएगा। यहां पर निवेश बढ़ने के साथ-साथ नौकरी के मौके भी बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक हमारे साथ डिफेंस एक्सपो के साथ ही देश और दुनिया के अलग-अलग भागों से 57 एमओयू हो चुके हैं जिनके माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ के निवेश सिर्फ डिफेंस सेक्टर से ही होने जा रहे हैं। हम करीब 60 हजार नौजवानों की नौकरी के लक्ष्य पर आगे बढ़ रहे हैं। वह रविवार को राजधानी स्थित डिफेंस कॉरीडोर नोड में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसलिटी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले जिस राज्य में नौकरी नहीं थी, पलायन होता था, आज वहां निवेश भी हो रहा है। हमने कानपुर में सेना के लिए गोला-बारूद के उत्पादन केंद्र का शुभारंभ किया था। अब उसके विस्तार के लिए भी भूमि मांगी जा रही है। लखनऊ में भी ब्रह्मोस को जैसे ही 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी भी आ गया। जिसने केवल ब्रह्मोस




ही नहीं, बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है। यहां ब्रह्मोस से जुड़ी करीब 7 एकर यूनिट लग रही हैं। 2013-14 में भारत का जो रक्षा उत्पादन था, आज कई सौ गुना बढ़ गया है।

रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ दुनिया के तमाम मित्र देशों को रक्षा सामग्री निर्यात करके उनकी सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति का भी काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य डिफेंस कॉरिडोर में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कराना और एक लाख युवाओं को रोजगार देना है। उन्होंने ब्रह्मोस, पीटीसी, डीआरडीओ, एलएंडटी और सभी इकाइयों को धन्यवाद भी दिया, जो स्थानीय नौजवानों को प्रशिक्षित करके रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

वहीं रक्षामंत्री ने यूपी डिफेंस कॉरिडोर को भारत के रक्षा उत्पादन का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि ये सभी नोड्स भविष्य में विकास के नए केंद्र बनकर उभरेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से कानपुर और अन्य नोड्स को फिर से विकास की ऊंचाइयों तक जाएंगे। कल वेस्ट में कोई शहर बहुत अधिक प्रगति करेगा तो उसे 'कानपुर ऑफ दि वेस्ट' कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में विमान निर्माण, यूएवी, ड्रोन्स, गोला-बारूद, कंपोजिट सामग्री, छोटे हथियार, टेक्सटाइल और पैराशूट जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश किए गए हैं। लखनऊ में पीटीसी इंडस्ट्रीज द्वारा टाइटेनियम और सुपर अलॉय सामग्री संयंत्र की शुरुआत की जा रही है। सात अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी गई है। यूपी में प्रयाग अपने संगम के लिए दुनिया में जाना जाता है, वैसे ही लखनऊ तकनीकी के संगम के रूप में स्थापित होने जा रहा है।

# प्रदेश में बिजली महंगी होने को लेकर जून में हो सकता है फैसला, नियामक आयोग के पाले में है गेंद

लखनऊ । यूपी में बिजली महंगी होगी या नहीं इसको लेकर फैसला जून माह में हो सकता है। दर घटाने या बढ़ाने का फैसला नियामक आयोग पर टिका हुआ है।

प्रदेश में बिजली दर निर्धारण के लिए जून माह में सुनवाई होगी। नियामक आयोग ने पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से सभी बिजली कंपनियों के लिए दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) को स्वीकार कर लिया है। खास बात यह है कि इस बार बिजली दर को लेकर कंपनियों ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। दर बढ़ाने अथवा घटाने का फैसला पूरी तरह से नियामक आयोग पर छोड़ा है।

विद्युत नियामक आयोग ने पूर्वांचल, दक्षिणांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल, केस्को व नोएडा पावर



कंपनी के वर्ष 2025-26 के लिए एआरआर सहित ट्रू-अप 2023-24 व वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा वर्ष 2024-25 को स्वीकार कर लिया है। विद्युत नियामक आयोग ने अपने आदेश में लिखा है कि मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत बिजली कंपनियों की तरफ से कोई भी बिजली दर का प्रस्ताव नहीं दाखिल किया गया है। कंपनियों की ओर से सभी डाटा तीन दिन के अंदर सार्वजनिक करने होंगे।

उपभोक्ताओं को 21 दिन में अपनी आपत्ति व सुझाव देने होंगे। आयोग जून 2025 से आम जनता के बीच सुनवाई शुरू करेगा। पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल, केस्को की कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता लगभग एक लाख 13923 करोड़ है। सभी बिजली कंपनियां करीब 133779 मिलियन यूनिट बिजली बेचेंगी। बिजली कंपनियों द्वारा वार्षिक राजस्व आवश्यकता में मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन के तहत लाइन हानियां व एटीएंडसी हानियां का कोई भी आंकड़ा अभी तक फाइल नहीं किया गया है। वहीं कुल गैप लगभग 9 से 10 हजार करोड़ के बीच है।

**उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ लौटाएं कंपनियांः वर्मा**

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियमानुसार बिजली दर इस वर्ष भी नहीं बढ़ाई जा सकेगी। विद्युत निगमों पर उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ रुपया बकाया चल रहा है। सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद मांग करेगा कि पहले उपभोक्ताओं का निगमों पर बकाया चल रहा 33122 करोड़ रुपया लौटाया जाए। इसे हर माह के बिजली बिल में लौटाया जाना चाहिए। ऐसे में बिजली दरें बढ़ने के बजाय घटेंगी।

# संपादकीय

## घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय समर्थन से मिली मजबूती

दशकों से पाक पोषित आतंकवादियों के हमले झेल रहे भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में सधे-सटीक मिसाइल हमले करके आतंक की पाठशालाएं ध्वस्त कर दीं। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल से बौखलाए पाक ने भारत के एक दर्जन से अधिक शहरों पर जो जवाबी हमले किए, भारतीय प्रतिरक्षा तंत्र ने उन्हें नाकाम कर दिया। दरअसल, भारत कई मोर्चों पर सधी चाल चल रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सेना के तीन अंगों के प्रमुखों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व विभिन्न हितधारकों से लगातार संपर्क बनाकर कारगर रणनीति की रूप-रेखा बनायी। ताकि पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों व नागरिकों को हमले से कोई बड़ा नुकसान न हो। लेकिन भारत की सीमित कार्रवाई को जवाब देने में पाकिस्तान जल्दबाजी कर गया। हालांकि, देश के कुछ बड़े शहरों को युद्धक विमानों और ड्रोन के जरिये निशाना बनाने का पाक अभियान हमारी कई परतों वाली सुरक्षा तकनीक से विफल हो गया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके युद्ध की रणनीति पर लगातार विचार करते रहे। इसी तरह सूचना व मनोवैज्ञानिक युद्ध के जरिये पाक को पस्त किया गया। उसके कई हवाई जहाज व दर्जनों आयातित ड्रोन भारतीय सुरक्षा की परतों को नहीं भेद पाये। वहीं दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुनिया में अपने समकक्षों से संपर्क साध करके आतंकवाद के पोषक पाक को बेनकाब किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि वह भारत-पाक संघर्ष के बीच नहीं आएगा। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाक प्रधानमंत्री से बात कर संघर्ष को विस्तार देने से बचने का आग्रह किया। दरअसल, चीन व तुर्की को छोड़कर दुनिया के तमाम बड़े मुल्क आतंक से प्रभावित भारत के पक्ष में खड़े नजर आए हैं। वहीं सऊदी अरब के उपविदेश मंत्री अदेल अलीजुबैर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। जिन्हें पहलगाम हमले के बाद की स्थितियों से अवगत कराया गया। भारत ने आतंक को बढ़ावा देना बंद न करने तक बातचीत से इनकार किया। मोदी सरकार, सुरक्षा से जुड़े तमाम विभागों तथा सेना के तीनों अंगों ने बेहतर तालमेल के साथ ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद पाक द्वारा किए हमलों को विफल बनाने के लिये पर्याप्त होमवर्क किया। लगातार बैठकों व संवाद के जरिये इस चुनौती के मुकाबले की रणनीति को अंजाम दिया। जिससे देश के जनमानस का भरोसा बढ़ा कि देश सही हाथों में है। अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देना नये भारत की बदली रणनीति का पर्याय ही है। पहले पाक के परमाणु हथियार का डर दिखाकर भारत को कार्रवाई करने से रोका जाता रहा है। कालांतर में 2016 में उरी में 19 सैनिकों के मारे जाने पर नियंत्रण रेखा के पार व 2019 में पुलवामा विस्फोट के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। इसी तरह पहलगाम हमले के बाद सीधी कार्रवाई करके साफ संदेश दिया कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब आतंकवाद को सींचने वाले पाक पर भारत सीधी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले पूरी दुनिया को पुलवामा हमले की साजिश के सबूत दिए और फिर कार्रवाई की। यही वजह है कि दुनिया के तमाम देश भारत के पक्ष में खड़े नजर आए। अब भारत ने महज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाना बंद कर दिया है। निश्चय ही यह रणनीति मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाने के बजाय अमेरिका व इस्राइल की तर्ज पर घर में घुसकर मारने की रणनीति है। बहरहाल, भारत ने दुनिया को बता दिया कि पाक अपनी जमीन पर आतंकियों को प्रशिक्षण व समर्थन तो देता है लेकिन उनके विरुद्ध कार्रवाई से बचता है। वहीं दूसरी ओर भारत ने परंपरागत युद्ध शैली से हटकर नई तकनीकों का भरपूर उपयोग किया। भारतीय रक्षा कवच एस-400 यानी सुदर्शन चक्र आदि का पाक हमलों को विफल करना नवीनतम तकनीकों का ही प्रतिफल है।

# नर्सें रोगी के लिये करुणा एवं मुस्कान बांटती है

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। यह रिपोर्ट नर्सिंग शिक्षा, प्रवास, कार्य स्थितियों और नेतृत्व जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालती है तथा आवश्यक डेटा प्रदान करती है जो दुनिया भर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भविष्य की नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। जब नर्सों को अच्छी तरह से समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अधिक प्रभावी ढंग से काम करती हैं, जिससे रोगियों और समाजों के लिए बेहतर परिणाम सामने आते हैं।**

दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरूआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरू हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यहमारी नर्सें: हमारा भविष्य-नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।ह्ल यह थीम नर्सों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए न केवल उनकी व्यक्तिगत भलाई के लिए बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के अधिक लाभप्रद एवं सशक्त बनाने पर बल देती है। नर्सों को दूसरों की देखभाल करने के लिए जाना जाता है, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी उनकी देखभाल करनी चाहिए। उचित समर्थन के बिना, सबसे कुशल पेशेवर भी उपेक्षा, आर्थिक शोषण, तनाव और थकान का सामना कर सकते हैं।

किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान चिकित्सकों, दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स से कहीं बड़ी जिम्मेदारी नर्सेज निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। वास्तव में उनकी निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनती है और

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस-12 मई, 2025



उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। यदि चिकित्सक किसी रोगी के रोग को ठीक करता है तो उसके दर्द को कम एक नर्स करती है। जो अपना जीवन मरीजों की प्यार से देख-रेख में व्यतीत करती है। एक नर्स ना केवल अपना व्यवसाय समझ रोगी की सेवा करती है बल्कि वो उससे भावनात्मक रुप से जुड़ जाती है और उसे ठीक करने में जी-जान लगा देती है। नर्सें ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है, मुस्कान बांटती है।

पूरी दुनिया में हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते है कि नर्सिंग सेवाएं दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल का पेशा है। रोगियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बनाये रखने के लिये नर्सों का प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अपेक्षित है, भारत की नर्सों को नयी ऊर्जा, नयी दिशा एवं नया परिवेश मिले, उसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार कोई प्रभावी योजना लागू करें ताकि वे और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम हो सके। इससे भारत की नर्सों के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इससे नर्सें रोगियों की अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक भलाई करने में सक्षम होगी। ऐसी योजनाओं को निजी अस्पतालों को भी प्रोत्साहन देना चाहिए। मरीज जब ठीक होकर मुस्कुराते हुए अपने परिवार वालों के साथ घर जाता है, तो वह खुशी नर्सों को और भी हिम्मत देती है। इलाज के दौरान नर्सों और मरीज के बीच पारिवारिक रिश्ता हो जाता है। सचमुच नर्सों की दुनिया अद्भुत है। वे दवा के साथ उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत करती हैं और रोगों से लड़ने की प्रेरणा एवं शक्ति बनती है। यह शक्ति अधिक तेजस्वी एवं प्रखर बने, यही विश्व नर्स दिवस मनाने का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। यह रिपोर्ट नर्सिंग शिक्षा, प्रवास, कार्य स्थितियों और नेतृत्व जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालती है तथा आवश्यक डेटा प्रदान करती है जो दुनिया भर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भविष्य की नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। जब नर्सों को अच्छी तरह से समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अधिक प्रभावी ढंग से काम करती हैं, जिससे रोगियों और समाजों के लिए बेहतर परिणाम सामने आते हैं। नर्सिंग देखभाल चिकित्सा दिनचर्या से परे है, यह अक्सर दर्द के दौरान स्थिर हाथ, सर्जरी से पहले आश्वस्त करने वाली आवाज, या ठीक होने की राह पर कोमल प्रोत्साहन होता है। मरीज अक्सर नर्सों के साथ अपने अनुभवों का वर्णन सांत्वना देने वाले, समझदार, धैर्यवान और भरोसेमंद जैसे शब्दों का उपयोग करके करते हैं। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति, मुस्कान और आशा की भावना लाती है। जब नर्सिंग देखभाल सही तरीके से की जाती है, तो यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि आत्मा को भी ऊपर उठाती है।

आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नर्सिंग कार्यबल में निवेश, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन करना आवश्यक है। नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा की शांत शक्तियों में से एक है, जो करुणा, कौशल और अथक समर्पण पर आधारित है। चाहे गंभीर देखभाल का प्रबंधन करना हो या सांत्वना के शब्द देना हो, नर्सें उपचार में मानवता लाती हैं। उनकी भूमिका केवल इलाज करना ही नहीं है, बल्कि मरीजों की सबसे कमजोर स्थितियों में उनकी बात सुनना, उनका समर्थन करना और उनके साथ खड़ा होना है। नर्सों की सेवाएं जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही विश्वस्तर पर उनकी जरूरत है।

अपेक्षित नर्सों की उपलब्धता न होना, एक चिन्तनीय विषय है। विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लालच में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती है जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से इस समस्या से निपटने के लिए एवं नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने के लिए भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरूआत की। पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 12 मई को दिये जाते हैं। यह पुरस्कार प्रति वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस सिर्फ जश्न मनाने का दिन नहीं है, यह चिंतन और कृतज्ञता का समय है। उनका समर्पण, करुणा और विशेषज्ञता हर जगह स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की नींव है। अब हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हम उनकी अनूठी एवं निःस्वार्थ सेवाओं के बदले वापस कुछ लौटाये और उनका भविष्य उन्नत करें। इस दिवस को मनाते हुए हम अपनी नर्सों के करियर को फिर से परिभाषित करे, उनके सेवा का मूल्यांकन करते हुए नए सिरे से उन्नत नर्स सेवा को विकसित करें और कौशल विकास की शक्ति के साथ उनके जीवन को बदले। कोविड़-19 के संकट में एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ जो खड़ी रही, वे नर्से ही थी, जिन्हें हम और आप अक्सर सिस्टर कह कर पुकारते हैं। आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये नर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करती है। इसलिए, नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं बल्कि इसलिए कि वह सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मां के स्वरूप में स्नेहपूर्ण और फिक्र के साथ हर किसी की देखभाल और परवाह करने के शब्द को ही नर्स कहा जाता है। वे अस्पताल की रीड होती है। ऐसी मानवीय सेवा की अद्भुत फरिश्तों के कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही नर्सों की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

# मैं बागपत हूं

**सुरेंद्र मलानिया**

बरनावा गाँव, जिसे प्राचीन काल में ₹वारणावत₹ या ₹वारणावर्त₹ के नाम से जाना जाता था, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में स्थित है। यह स्थल महाभारत कालीन लाक्षागृह की ऐतिहासिक घटना से जुड़ा हुआ है।

लाक्षागृह और महाभारत से संबंध- महाभारत के अनुसार, कौरवों ने पांडवों को मारने के लिए एक षड्यंत्र रचा और उन्हें वारणावत (वर्तमान बरनावा) में एक लाक्षागृह (लाख से बना महल) में ठहराया। इस महल को जलाकर पांडवों को मारने की योजना थी। हालांकि, पांडवों को इस साजिश की जानकारी मिल गई और उन्होंने एक गुप्त सुरंग के माध्यम से वहां से भागने का रास्ता बनाया। यह सुरंग आज भी बरनावा में देखी जा सकती है, जो हिंडन नदी के किनारे खुलती है।

पुरातात्विक खोजें और ऐतिहासिक प्रमाण-बरनावा में स्थित लाक्षागृह टीला लगभग 100 फीट ऊंचा और 30 एकड़ में फैला हुआ है। यहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) द्वारा 2018 में बड़े पैमाने पर उत्खनन किया गया, जिसमें 4500 से 5000 साल पुराने चित्रित धूसर मृदभांड, मानव कंकाल, महल की दीवारें और अन्य पुरावशेष प्राप्त हुए। इन खोजों से यह स्पष्ट होता है कि यह स्थल महाभारत कालीन सभ्यता का हिस्सा रहा है।

धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व-लाक्षागृह टीले पर एक गुरुकुल आश्रम स्थित है, जिसमें पांच भव्य यज्ञशालाएं हैं। यहां हर वर्ष दो बार बड़े यज्ञों का आयोजन होता है, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु भाग लेते हैं। गुरुकुल में विद्यार्थी भी रहकर शिक्षा प्राप्त करते हैं, जिससे यह स्थल धार्मिक और शैक्षिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बन गया है।

पर्यटन विकास और पहुंच-बरनावा को महाभारत सर्किट योजना के तहत विकसित किया गया है। 2006-07 में उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि से यहां सौंदर्यीकरण कार्य कराया, जिसमें सुरंगों का सौंदर्यीकरण, सभा कक्ष, पर्यटकों के लिए शेड, फुटपाथ, सीढ़ियां, स्नानागार और शौचालय आदि का निर्माण शामिल है। बरनावा मेरठ से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें उपलब्ध हैं।

बरनावा गाँव न केवल महाभारत कालीन लाक्षागृह की ऐतिहासिक घटना से जुड़ा है, बल्कि यहां प्राप्त पुरातात्विक साक्ष्य इसे एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल बनाते हैं। यह स्थान पांडवों की बुद्धिमत्ता और साहस की कहानी को जीवंत करता है और भारतीय इतिहास में इसकी विशेष पहचान है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ आए सीकर, बाटड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

सीकर, । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को अल्प प्रवास पर सीकर आए। यहां सर्किट हाउस पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ व प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित कार्यकताओं से संगठनात्मक कार्यों को लेकर चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकताओं से देशहित व पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में आगे बढकर सहयोग करने के लिए कहा।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवाँ, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंघानिया, पूर्व विधायक केडी बाबर, पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, नीलम मिश्रा, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, महेश खोखर, रतनलाल सैनी, वरूण कुशलेश शर्मा, इंद्र शर्मा, सुरेश सैनी, मुकेश नायक आदि मौजूद रहे।

# आज होगा कल्याण धणी का महाअभिषेक व पूणार्हुति, कल मनाया जाएगा नारद जन्मोत्सव।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

सीकर। श्री कल्याण धाम मन्दिर परिसर में 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव(स्थापना दिवस) के तहत रविवार को निकली निशाना पदयात्रा व हुई नृसिंह लीला।



विस्तृत जानकारी देते हुए महन्त विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया की 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव व मन्दिर स्थापन दिवश के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हों रहे जिसके तहत आज रविवार को मन्दिर परिसर में दिन भर पूजा अर्चना व अनुष्ठान हुये एवं सायंकाल 5 बजे विशाल निशान पदयात्रा राधा दामोदर मन्दिर परशुराम पार्क से रवाना होकर शीतला चोक, जाट बाजार, बावड़ी गेट, घण्टाघर सहित शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कल्याण धाम पहुची व समस्त भक्त गणों ने भगवान को निसान अर्पण किये यात्रा का जगह जगह भक्तो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया

ततपश्चात भगवान नृसिंह लीला का सजीव मंचन आमंत्रित कलाकारों द्वारा किया गया जिसमें भगवान ने हिरण्यकश्यप वध कर भक्त प्रहलाद को आशिर्वाद दिया सभी भक्तो ने भगवान कल्याण व नृसिंह के जयकारों के साथ महाआरती की।

आज सोमवार को मुख्य कार्यक्रम होगा जिसके तहत प्रातः 10 बजे से सस्वर मंत्रोच्चार से विद्वान पंडितो द्वारा पूजा अर्चना व कल्याण धणी का महाअभिषेक कराया जाएगा, यज्ञआहुतियो के साथ 12 बजे महायज्ञ(हवन) की पूणार्हुति होगी एवम दोपहर 12 ,15 बजे महाआरती के बाद महाप्रसादी एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों व बधाई महोत्सव की शुरूआत हो जाएगी जिसमें आमंत्रित कलाकार राधा कृष्ण रासलीला, शिव पार्वती, राम-हनुमान, कृष्ण सुदामा चरित्र व अन्य भजनों पर आधारित सजीव झांकियो का मंचन करेंगे।

सयोजक रवि शर्मा ने बताया की कल 13 मई मंगलवार को नारद जन्मोत्सव भी मन्दिर परिसर में धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमे देश के चौथे स्तम्भ माने जाने वाले पत्रकारो का सम्मान व कार्यशाला का आयोजन दोपहर 12,05 बजे से होगा, पूजा अर्चना के साथ भगवान नारद की महाआरती होगी।

# मातृ दिवस पर 85 वर्षीय पूर्व प्रधानाचार्या शकुंतला सिन्हा को किया सम्मानित



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर साहित्यिक संस्था-कवि गोष्ठी आयोजन समिति, बरेली द्वारा एक भव्य काव्य संध्या एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी गांधी मोहन सक्सेना के संयोजन में स्थानीय इंदिरा नगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' ने की। मुख्य अतिथि शायर विनय सागर जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि लोकप्रिय चित्रकार कुलदीप वर्मा रहे।

मॉ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मातृ दिवस के अवसर पर किए गए इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती शकुंतला सिन्हा को उनके प्रेम, त्याग एवं मार्गदर्शन के लिए पटका एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया एवं संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना को संस्कार भारती, बरेली का महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित कवियों ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर कभी गोष्ठी का आयोजन किया गया सरस काव्य संध्या का संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया !

## आदित्य भैया सांसद नाम से फर्जी आईडी बनाकर फैलाई आतंकी हमले की अफवाह, डीजीपी ने लिया एक्शन

लखनऊ। शाहजहांपुर में आदित्य भैया सांसद के नाम से फर्जी आईडी बनाकर आतंकी हमले की अफवाह फैलाने का मामला सामने आया है। शाहजहांपुर में आदित्य भैया सांसद के नाम से फर्जी आईडी बनाकर आतंकी हमले की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार के आदेश पर आतंकी हमले की भ्रामक पोस्ट करने वाले तीन सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भारतीय सेना द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को भ्रामक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों की लगातार निगरानी कर रहा है। इस दौरान फायरिंग एवं धमाकों की आवाज से संबंधित एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसको शाहजहांपुर में आतंकी हमला बताकर प्रसारित किया जा रहा था। जांच में पता चला कि शाहजहांपुर में ऐसी कोई भी घटना घटित नहीं हुई है। जिसके बाद पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट से भी इसका खंडन भी कराया गया है। जांच में सामने आया कि आदित्य भैया सांसद बदायूं के नाम से किसी अज्ञात द्वारा बदायूं के सांसद आदित्य यादव के नाम से फेक आईडी बनाकर संचालित की जा रही थी, जिसके बारे में आदित्य यादव की शिकायत पर बदायूं के थाना सिविल लाइंस में अलग से मुकदमा दर्ज करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक दिवसीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो। मसौली बाराबंकी। सरस्वती हास्पिटल एव रिसर्च सेंटर तिवारीगंज लखनऊ के तत्वाधान मे पंचायत भवन बड़ागांव मे एक दिवसीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की देखरेख मे आयोजित किया गया।स्वास्थ्य शिविर मे एक सैकड़ा से अधिक लोगो का पंजीकरण कर आँख एव दांतो की जाँच की गयी।

दंत रोग चिकित्सक डा0 आकांक्षा दुबे ने कहा आँख एव दांत शरीर के दो ऐसे अंग है जिनके खराब होने से जीवन अधूरा है इसलिए समय समय पर आँख एव दांत की जाँच अवश्य कराना चाहिए आँख और दांतों की जाँच नियमित रूप से करनी चाहिए क्योंकि ये आपके समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नियमित जाँच से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का पता चल सकता है और समय पर उपचार से उन्हें ठीक किया जा सकता है.।

नेत्र चिकित्सक डा0 सुमित ने कहा कि नियमित रूप से आंखों की जाँच से आपको दृष्टि से संबंधित समस्याओं का पता चल सकता है, जैसे कि निकट दृष्टि दोष (मायोपिया), दूर दृष्टि दोष (हाइपरोपिया), या एस्टिग्मेटिज्म, जो कि समय पर इलाज के साथ ठीक किए जा सकते हैं. इसके आलावा आँखों की जाँच से अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी पता चल सकता है, जैसे कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और कुछ प्रकार के कैंसर. यदि आपको कोई समस्या है, तो समय पर इलाज से आँखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे प्रोग्राम मैनेजर सैय्यद सादाब अहमद के साथ आये अनुपम, अंकिता कुमारी, रूबी यादव, रिषभ कुमार, रंजीत कुमार ने एक सैकड़ा से अधिक मरीजों की जाँच कर उचित परामर्श दिया।

# एनपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में एलएसजी ने ट्राफी पर जमाया कब्जा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। भोजपुर रविवार को क्षेत्र के गांव नेकपुर में एनपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच एलएसजी और सीएसके की टीम के बीच खेला गया। जिसमें एलएसजी की टीम ने सीएसके की टीम को हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इस दौरान विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट का संचालन मास्टर फिदा अली हुसैन, मोहम्मद सद्दाम, विशेष सिंह ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद जावेद, मोहम्मद रफी, मोहसिन, राजू ठाकुर, दिनेश कश्यप, सुबोध, नितिन, राजकुमार, रंजीत कश्यप, शेफ अली, जहीर खान, सोहित, नदीम सलमानी, शाहनवाज, सलमान आदि लोग उपस्थित थे।

## करणी सेना का पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन:अमरोहा में प्रदेश अध्यक्ष ने सड़क पर बिछाया पाक का झंडा, लगाए विरोधी नारे



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उत्तर प्रदेश**

अमरोहा के बिजनौर मार्ग पर रविवार को करणी सेना ने पाकिस्तान के विरुद्ध प्रदर्शन किया। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवम राजपूत ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बिछाया। उन्होंने झंडे पर खड़े होकर फोटो खिंचवाई और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। शिवम राजपूत ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो वह दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा।

करणी सेना के कार्यकताओं ने भी पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत के विरुद्ध किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन पर स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाएं अलग-अलग रहीं। कुछ लोगों ने इसे राष्ट्रवाद से जोड़कर देखा। वहीं कुछ ने धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय संवेदनाओं के उल्लंघन की चिंता जताई।

# प्रधान व कर्मचारियों को मॉकड्रिल कराकर जागरूक किया



मुरादाबाद। भोजपुर रविवार को ब्लॉक भगतपुर टांडा में नयाब तहसीलदार अंकित गिरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान व कर्मचारियों को मॉकड्रिल कराकर जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें हवाई हमलों, नागरिक सुरक्षा बचाव व आपदा की स्थितियों में एसडीआरएफ की टीम ने मॉकड्रिल के माध्यम से जागरूक किया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए देशभर में मॉकड्रिल कराकर लोगों को अपनी सुरक्षा करने के उद्देश्य से जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अमर सिंह, एडीओ मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, चेयरमैन पुत्र अर्शमान अख्तर, ग्राम प्रधान, ब्लॉक कर्मचारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## करोड़ों की प्रापर्टी के कूटरचित दस्तावेजों से की हेराफेरी, नगर निगम से फाइल गायब

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। सिविल लाइंस में करोड़ों की वक्फ प्रापर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण में हेराफेरी कर नगर निगम में अपना नाम दर्ज करवा लिया। इसके बाद नगर निगम से फाइल गायब कर दी। मामले की शिकायत एसपी सिटी से की गई। एसपी सिटी के आदेश पर कोतवाली में तीन नामजद और अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिविल लाइंस निवासी मुतवल्ली बरकत नबी खान ने नगर निगम में शिकायत की। इसमें आरोप है कि है कि अलीगढ़ निवासी यूसुफ जमाल पुत्र स्वर्गीय जमाल अख्तर अजीज ने अन्य लोगों के साथ मिलकर सुनियोजित षड्यंत्र कर वक्फ संपत्ति को हड़पने का प्रयास किया। जबकि वर्ष 1944 से यह संपत्ति नगर निगम बरेली के अभिलेखों में वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज है। इसके मुतवल्ली द्वारा ही इसका संचालन व देखरेख की जाती रही है।

### नगर निगम में सांठगांठ कर वक्फ संपत्ति में दर्ज कराया नाम

अलीगढ़ में धोधपुर के रहने वाले यूसुफ जमाल ने गनपतराय बागला पुत्र बीएस बागला, निवासी राधेश्याम एन्क्लेव, सिविल लाइंस, लखनऊ निवासी नासिर सईद पुत्र अहमद सईद समेत कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने नगर निगम बरेली के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत करते हुए वक्फ संपत्ति में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस पूरे फजीर्वाड़े को अंजाम देने के लिए नगर निगम की मूल पत्रावली को ही कार्यालय से गायब करवा दिया गया, जिससे यह साबित करना कठिन हो गया कि संपत्ति पर किसका वैध स्वामित्व है।

# थाना दिवस के अवसर पर जन फरियादियों की समस्याओं को सुना गया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । नगर पंचायत थाना भोजपुर पर थाना दिवस के अवसर पर सभी नगर वासी तथा तथा ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना गया और सभी की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया थाना भोजपुर में कल 12 मामले सामने आए जिसमें किसी मामले का हाथों हाथ निस्तारण नहीं किया गया परंतु जल्द से जल्द सभी की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया इस मौके पर सभी थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा नगर के वार्ड सभासद और नगरपंचायत के नगर अध्यक्ष पुत्र अर्शमान सभी पत्रकार एंव आम जन मौजूद रहे थाना दिवस की अध्यक्षता को थाना इंचार्ज शरद मलिक के द्वारा किया गया '

# चार गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण, बिना अनुमति खरीद-बिक्री पर लगी रोक




**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। वायुसेना स्टेशन के विस्तारीकरण की प्रक्रिया में चार गांवों की चिह्नित 93.798 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की कवायद में अब जिला प्रशासन ने संबंधित भूमि की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। भू-स्वामी को जमीन का सौदा करना है तो तहसील से एनओसी लेनी होगी। भारत-चीन सीमा के बेहद करीब स्थित बरेली के त्रिशूल एयरबेस के विस्तार पर रक्षा मंत्रालय की सहमति के बाद जिला प्रशासन, संपदा कार्यालय और वायुसेना स्टेशन के अफसर सक्रिय हैं।

पूर्व में हाजीपुर ब्रजलाल, नगरिया कला और भूड़ा के निवासियों की जमीन का अधिग्रहण प्रस्तावित था, लेकिन भारत सरकार के जारी गजट में त्रिशूल एयरबेस की बाउंड्री के सौ मीटर के दायरे में निर्माण, पेड़ आदि लगाना भी प्रतिबंधित कर दिया।

कंजादासपुर क्षेत्र जो शहर के बीच है, वहां भी 18.435 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई। यहां भी वायुसेना स्टेशन का विस्तार होना है। लेकिन अधिग्रहण में देरी से चारों गांवों के भू-स्वामी और वायुसेना स्टेशन के सौ मीटर के दायरे में आने वाले निवासी परिस्थिति का हवाला देकर भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में पत्राचार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति देखते हुए अब तहसील सदर की एनओसी पर ही विक्रय की सहमति दी गई। जल्द करें अधिग्रहण या समस्या का हो समाधान ग्रामीणों ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय में पत्र भेजकर अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि वे छोटी जोत के किसान हैं। कई बार भूमि के क्रय-विक्रय की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में जल्द भूमि अधिग्रहण हो या वायुसेना अफसरों से समस्या का समाधान कराएं। मामले में रक्षा संपदा कार्यालय से अधिग्रहण संबंधी अब तक की कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है।

# पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया चुने गए



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, कुर्मांचल नगर के भोलेनाथ मंदिर परिसर में पर्वतीय समाज की कार्यकारिणी के आम चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में देवेंद्र सिंह दियोलिया अध्यक्ष मनोनीत हुए और महासचिव डॉ नरेन्द्र सिंह बिष्ट चुने गए। मुख्य सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष इंदर सिंह बिष्ट, चन्द्र प्रकाश जोशी वरिष्ठ सचिव, मदन सिंह बिष्ट उपाध्यक्ष, जगदीश सिंह बिष्ट उपकोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक प्रभारी पुरुष पूरन सिंह दानू, सांस्कृतिक प्रभारी महिला सोमा परिहार और देवेंद्र रावत मीडिया प्रभारी चुने गए। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी मान सिंह नेगी, कुंवर सिंह बिष्ट और भुवन चंद्र पांडेय ने चुनाव संपन्न कराने में सहयोग दिया।

# रामगंगा नदी पर बने पुल पर दो हिस्सों में बंटी रेल गाड़ी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पर दौड़ रही मालगाड़ी अचानक से रविवार सुबह करीब 6:00 बजे के समय मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र रामगंगा नदी पहुंचने पर दो हिस्सों में बट गई

यह देख वहां इलाके के लोग इकट्ठा हो गए घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया सूचना पाकर स्टेशन मास्टर और इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन की मरम्मत कर ट्रेन को रवाना किया

इस दौरान आधा घंटे दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पूरी तरह से बाधित रही इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों का कोई ब्यान सामने नहीं आया है।

# विकास बाबू एडवोकेट बने भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव, बरेली में हुआ भव्य स्वागत

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, उत्तर प्रदेश भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कर्मठ और जुझारू नेता विकास बाबू एडवोकेट को संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण दायित्व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विनय रतन सिंह जी एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव जी द्वारा सौंपा गया, जो उनके लंबे संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और जमीनी सक्रियता का सम्मान है। इस अवसर पर बरेली जनपद में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम जी ने की। इसी मंच से डॉ. रूपकिशोर प्रजापति को जिला महासचिव घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्वेश अली अंसारी जी ने कुशलता से किया।

इस गरिमामयी समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख थे –अतुल वाल्मीकि (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), अच्छन अंसारी (राष्ट्रीय कमेटी सदस्य, आसपा), संजीव सागर, राजेंद्र गुर्जर (प्रदेश सचिव), शिवम्‌ भारती (महानगर अध्यक्ष), सैम मैसी (जिला उपाध्यक्ष), एड. अमर सिंह, एड. सिद्धांत गौतम, नेत्रपाल सिंह (लीगल सेल), शाहिद हुसैन (सभासद), शंकर वाल्मीकि, सुरजीत गौतम, गजेंद्र गौतम, एड. राजकमल पाल, मदनलाल, तथा मंजूर अहमद, नईम कुरैशी, अजहर हुसैन आदि।

# गोवर्धन में नहीं रुक रहा वाहनों का प्रवेश

एनपीटी ब्यूरो



**मथुरा।** गोवर्धन की गिरिराज तलहटी में प्रशासन की लापरवाही के चलते वाहनों का प्रवेश नहीं रुक रहा है। लगातार वाहनों से लग रहे जाम से श्रद्धालु व आमजन परेशान हैं। मुख्य मंदिर दानघाटी के सामने कई कई घंटे जाम के कारण तीर्थ यात्रियों का परिक्रमा व दर्शन के लिए पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। सौंख अड्डा से लेकर दानघाटी मंदिर, डीग अड्डा तक करीब 500 मीटर के एरिया में सैकड़ों वाहन और ई-रिक्शा पहुंच जाते हैं। बाहरी वाहन भी आसानी से प्रवेश कर रहे हैं। सैकड़ों ई-रिक्शा चल रहे हैं जो कि जाम का कारण बने हैं। पूर्णिमा के चलते भीड़ का अभाव ज्यादा है। प्रशासन की व्यवस्थाओं के फेल होने के कारण भक्त व्यथित हैं। रिंग रोड के निर्माण होने के बाद हल्के माल वाहक भी मंदिर क्षेत्र परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। बरसाना व डीग की ओर से आने वाले वाहन भी मंदिर तक पहुंच रहे हैं। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों की आड़ में बाहर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को प्रवेश करा रहे हैं। प्रयास किया जा रहा है कि जिन प्वाइंट से वाहन प्रवेश कर रहे हैं, उन पर वाहनों को रोका जाएगा।

सार्थक चतुर्वेदी, अधिवक्ता एनजीटी ने कहा,प्रशासन द्वारा सीधे तौर पर एनजीटी न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में नो एंट्री में वाहनों के प्रवेश के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी हैं। आस्था में भक्त रज में लेटकर दंडवत व परिक्रमा लगाते हैं, लेकिन अभी तक वाहनों को नहीं रोका गया है। इस मामले को पुनः न्यायालय में रखेंगे।

# गोवर्धन विधायक पर निधि का दुरुपयोग करने का आरोप



**मथुरा।** गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह पर ग्राम पंचायत जखन गांव में विधायक निधि का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। मामले में प्रधान ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इसपर हाईकोर्ट ने डीएम से एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता ग्राम प्रधान अमित प्रताप सिंह का आरोप है कि जखन गांव में अंत्येष्टि की भूमि एक मकान बनाया हुआ है। विधायक ने गांव में चरागाह की जमीन विधायक निधि से अंत्येष्टि स्थल बनवा दिया। वर्तमान में वहां एक टिनशेड पड़ा है। उन्होंने इस मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट ने मामले में एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने जवाब तलब किया है। वहीं विधायक का कहना है कि ग्रामीणों की मांग पर अंत्येष्टि स्थल निर्माण का प्रस्ताव दिया था। निर्माण कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है। जहां अंत्येष्टि स्थल बना है उस भूमि को एसडीएम और तहसीलदार ने परखा होगा। यह तो अधिकारी जानें कि किसी भूमि पर क्या बनवाया है।

# वृंदावन की गलियों में लगे मौत के बॉक्स



एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। वृंदावन की धर्मनगरी में जहां लाखों श्रद्धालु रोजाना दर्शन के लिए आते हैं, वहीं शहर के कोने-कोने में खुले पड़े बिजली के बॉक्स किसी भी समय एक बड़े हादसे को जन्म दे सकते हैं। इन खुले बॉक्सों में लटकते हुए तार, खुले स्विच और बिना सुरक्षा उपायों के स्थिति को और भी गंभीर बना रहे हैं। खासकर बारिश के मौसम में यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि गीला क्षेत्र बिजली के शॉक के खतरे को बढ़ा देता है। शहर के प्रमुख तिराहों, चौराहों और कॉलोनियों में खुले विद्युत बॉक्सों की स्थिति अत्यंत खतरनाक है। विशेष रूप से बारिश के दौरान इन बॉक्सों के आसपास करंट आने का खतरा और भी बढ़ जाता है। यह समस्या एक दो जगह की नहीं है बल्कि वृंदावन में हर कॉलोनी में यह हाल हो रहा है। इस बात की जानकारी विद्युत निगम को है लेकिन इस समस्या से निजात दिलाने की फुर्सत किसी अधिकारी के पास नहीं है।

बांके बिहारी मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित है, जहां से हजारों श्रद्धालु रोज गुजरते हैं। यहीं एक खुला हुआ बिजली का बॉक्स नजर आया, जिसमें से तार बाहर झूल रहे थे। न तो इस पर कोई ढक्कन है और न ही चेतावनी का कोई बोर्ड। बरसात के मौसम में इस मार्ग से गुजरना और भी जोखिमपूर्ण हो जाता है क्योंकि गीले तारों से करंट का खतरा और भी बढ़ सकता है। एके कपिल, अधिशासी अभियंता ने कहा, जहां-जहां शिकायतें आ रही हैं वहां कार्य कराया जा रहा है। कुछ जगहों पर कार्य पूरा भी हो चुका है।

# रिहायशी इलाके में आइस फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव, दम घुटने से मची अफरातफरी

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। महोली रोड के वेस्ट प्रताप नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक आइस फैक्ट्री में रविवार सुबह 8.30 बजे अमोनिया गैस होने से अफरातफरी फैल गई। आसपास गैस फैलने से लोगों का दम घुटने लगा। फैक्ट्री के बगल में रह रहे एक परिवार के आधा दर्जन लोग घर छोड़कर भागे। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन और पुलिस ने मकान में रह रही वृद्ध महिला को रेस्क्यू करके दूसरे मकान में शिफ्ट कराया। पुलिस ने एक-एक किलोमीटर पहले यातायात रोक दिया। जिसे एक घंटे बाद शुरू किया गया। मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, सीएमओ डा.अजय कुमार, अग्निशमन विभाग के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने करीब एक किलोमीटर दोनों तरफ से आवागमन रोक दिया। इसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू करके फैक्ट्री के बगल में बीमार बुजुर्ग महिला शांति चतुर्वेदी को रेस्क्यू करके बाहर निकाला और दूसरे मकान में ऑक्सीजन लगवा कर शिफ्ट कराया। मकान में रहने वाले एक ही परिवार के आजा दर्जन लोग भी घर छोड़कर भागे। लोगों ने बताया कि तीन दिन से गैस का रिसाव हो रहा था। आइस फैक्ट्री का मालिक राजेंद्र चौधरी निवासी गोविंद नगर पुरानी पाइप लाइनों को ठीक नहीं करा रहे थे। रविवार सुबह गैस रिसाव के बाद बड़ा हादसा होने से बच गया। करीब 1 घंटे बाद गैस का प्रभाव कम होने के बाद पुलिस ने यातायात सुचारु कराया। सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने जांच शुरू करा कर रिफाइनरी से टीम बुलाई है। कोतवाली क्षेत्र के महोली रोड के वेस्ट प्रताप नगर स्थित रिहायशी इलाके में कान्हा आइस फैक्ट्री है। रविवार सुबह 8:30 बजे फैक्ट्री से अचानक अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा। गैस पूरे इलाके में फैलने से अफरातफरी मच गई। सांस लेने में परेशानी होने पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। अमोनिया गैस रिसाव की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।

# मथुरा में हाई अलर्ट...कृष्ण जन्मभूमि से लेकर वृंदावन तक पैनी नजर, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

मथुरा । भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच मथुरा में हाई अलर्ट किया गया है। कृष्ण जन्मभूमि से लेकर वृंदावन तक पैनी नजर है। सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की सीमाओं पर उत्पन्न हुए युद्ध जैसे हालात के बीच स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिले की सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

एसएसपी के मुताबिक, सिविल डिफेंस के साथ-साथ पुलिस, अग्निशमन विभाग, पीएसी, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और सीआईएसएफ सहित सभी सुरक्षा बलों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले की पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने जिले के लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अपुष्ट खबरों और पोस्ट को लेकर किसी भी प्रकार की धारणा न बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सिविल डिफेंस को पूरी तरह से तैयार रखा गया है। जिले की सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं।

सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। जिले में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों से सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई है।

**सेना के साथ खड़ा है मुस्लिम समाज**

पाकिस्तान की नापाक हरकत के बाद जिले का मुस्लिम समाज युद्ध की घड़ी में मजबूती से देश की सेना के साथ खड़ा है। प्रो. डॉक्टर जेड हसन ने बयान जारी कर कहा है कि इस समय देश को जैसी भी जरूरत होगी, मुस्लिम समाज पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि हमारे बुजुर्गों ने देश सेवा के लिए कुर्बानियां दी हैं। धर्म के नाम पर किसी को मारा जाए ये मुस्लिम समाज किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा।

**संकट के समय रक्तदान करेंगे हिंदू संगठन**

विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि विषम परिस्थितियों में सभी कार्यकर्ता आपस में रोजाना सामंजस्य बनाते हुए ग्राम, उपखंड तक के कार्यकर्ताओं से रोजाना वार्ता करें। साथ ही जरूरत पड़ने पर बजरंग दल व विहिप के कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। इसके अलावा आपात समय में लोगों की कैसे मदद की जाए, इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। करीब सौ से अधिक कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार हो चुकी है।

# पंजाब जाने वाली ट्रेनों के संचालन में किया बदलाव...भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गोल्डन टेंपल मेल निरस्त

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। सीमा पर जारी तनाव का असर रेल संचालन पर भी देखने को मिल रहा है। पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। कुछ ट्रेन निरस्त भी की गई हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रेलवे ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। जंक्शन से अमृतसर, राजस्थान की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों के संचालन पर रोक लगा दी है। ऐसे में शनिवार को गोल्डन टेंपल मेल को निजामुद्दीन से आगे निरस्त कर दिया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से कुछ ट्रेनों का बदलाव किया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की ओर से सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिशों के बाद भारत ने राजस्थान, पंजाब और जम्मू जैसे सीमाई राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया है। शनिवार को जंक्शन से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टेंपल मेल को निजामुद्दीन को आगे निरस्त कर दिया।

इसके अलावा हीराकुंड सुपरफास्ट को दिल्ली से आगे निरस्त कर दिया। लुधियाना जाने वाले यात्री रामप्रकाश, दिलीप, सुबोध ने बताया कि वह गोल्डन टेंपल से सफर कर रहे थे, लेकिन ट्रेन आगे नहीं जा रही है। ऐसे में सफर करने में परेशानी उठानी पड़ी। इसके साथ ही राजस्थान के बाड़मेर जाने वाली ट्रेनों के संचालन में बदलाव करने का निर्णय लिया है। रेलवे पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ ट्रेनों में बदलाव किया गया है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

कैराना। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ में मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में हवन पूजन, विचार गोष्ठी व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्ध लोगों को भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट करके सम्मानित किया गया।

रविवार को कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर परिसर में स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में परशुराम दल कैराना की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंडित स्वराज शर्मा ने की। इससे पूर्व, आचार्य विनोद पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार कर-के हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिसमें विश्व शांति एवं समस्त जीव प्राणियों के कल्याण की कामना करते हुए पूर्ण आहुति दी गई। कार्यक्रम में परशुराम सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विनोद शर्मा सहारनपुर मुख्यातिथि व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा मुजफ्फरनगर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों द्वारा समाज व राष्ट्रहित में दिए गए अपने सकारात्मक योगदान को उपस्थित जनसमूह के साथ में साझा किया गया। कार्यक्रम में कस्बे के खन्द्रावली मार्ग पर स्थित हिमालय मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका तिवारी समेत अनेकों विभूतियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम की तस्वीर प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे लोगो ने प्रसाद ग्रहण करके धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर अश्वनी शर्मा, अंशुल शर्मा, अंकुर भारद्वाज, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, शोभित भारद्वाज, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बलवा व कलेक्ट्रेट चौराहे पर फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग

एनपीटी ब्यूरो

कैराना। कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद चौधरी इकरा हसन ने बलवा व कलेक्ट्रेट चौराहे पर फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने इन दोनों जगहों पर हो रही दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। कैराना से सपा सांसद चौधरी इकरा हसन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। बताया कि पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय मार्ग-709एडी के कलेक्ट्रेट चौराहे व दिल्ली-यमनोत्री मार्ग-709बी के शामली बाईपास पर स्थित बलवा चौराहे पर जाम व दुर्घटनाओं की समस्या बनी हुई है। यह क्षेत्रवासियों एवं अन्य राहगीरों के लिए गम्भीर चुनौती है। पत्र में बताया कि विगत दिनों उनके द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के प्रतिउत्तर में परिवहन मंत्रालय ने बताया था कि नौ ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही है।

इन स्थानों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभाग द्वारा योजनाएं तैयार की जा रही है। पत्र में बताया कि उपरोक्त दोनों चौराहे भी ऐसी ही संवेदनशील जगहों में शामिल है। इन स्थानों पर फ्लाईओवर के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी तथा राहगीरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। सांसद ने जनहित के मद्देनजर पत्र में की गई मांगों को शीघ्र स्वीकार करके सकारात्मक कदम उठाए जाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# दो दिन बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति...इन क्षेत्रों में दिक्कत, विद्युत निगम करेगा लाइन पर मरम्मत कार्य

एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। मथुरा में दो दिन बिजली संकट रहेगा। इसको लेकर विद्युत निगम ने सूचित कर दिया है। लाइन पर अनुरक्षण कार्य के चलते ये बिजली कटौती की जा रही है। ताकि गर्मी के मौसम में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

मथुरा के बरसाना में विद्युत निगम द्वारा 33 केवी बरसाना लाइन पर दो दिवसीय अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित किया गया है। यह कार्य 11 और 12 मई को किया जाएगा। इसके कारण दो दिन सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक नंदगांव बरसाना समेत 33 केवी स्टेशन से पोषित सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह अनुरक्षण कार्य जरूरी है, ताकि गर्मी के मौसम में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान लाइन के लॉन्ग स्पैन (लंबी दूरी के खंड) के मध्य में पोल लगाए जाएंगे, जिससे तारों पर भार संतुलित किया जा सके।

एसडीओ राहुल चौरसिया ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में नेटवर्क की मजबूती अत्यंत आवश्यक हो जाती है। अनुरक्षण के बाद न केवल आपूर्ति व्यवस्था अधिक स्थिर होगी, बल्कि फॉल्ट की संभावनाएं भी कम होंगी।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच संत प्रेमानंद का संदेश... सरहद पर खड़े जवानों के लिए कही ये बात

मथुरा । भारत-पाक तनाव के बीच संत प्रेमानंद ने सैनिकों के लिए बड़ा संदेश दिया। उन्होंने सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि आपकी राष्ट्र सेवा एक योगी की तपस्या के समान है।

भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच आध्यात्मिक गुरु संत प्रेमानंद महाराज ने भारतीय सैनिकों के प्रति गहरी संवेदना और सम्मान प्रकट किया है। शनिवार को आयोजित सत्संग में उन्होंने वीर जवानों को सैल्यूट करते हुए कहा कि देश की सेवा में उनका त्याग किसी तपस्वी की साधना से कम नहीं है।

संत प्रेमानंद महाराज का यह भावुक संदेश शनिवार देर रात एक वीडियो के माध्यम से सामने आया। उन्होंने अपने प्रवचन में



कहा जो कष्ट आप सह रहे हैं, वह तपस्या है और इसका फल उतना ही पवित्र होगा जितना एक योगी की साधना का होता है। उन्होंने आगे कहा, जीवन एक दिन सभी को छोड़ना होता है, लेकिन आपका जीवन राष्ट्र सेवा में अर्पित होता है, यह गर्व की बात है। उन्होंने सैनिकों को भरोसा दिलाया कि उनका परिवार सिर्फ उनके अपने लोग नहीं, बल्कि पूरा भारत है। जब हम युद्ध के दौरान किसी सैनिक के शहीद होने की खबर सुनते हैं, तो वही दुख होता है जैसे अपना बेटा, भाई या मित्र खो गया हो।

महाराज ने सैनिकों के त्याग को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि आपके जागते रहने से ही हम चैन की नींद सो पाते हैं। जो जवान बर्फ में खड़े हैं, उन्हीं की बदौलत देश सुरक्षित है। उनका यह संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और देशभर में लोगों को देशभक्ति और सैनिकों के सम्मान की भावना से जोड़ रहा है।

# विजय हत्याकांड प्रकरण में कार्रवाई नहीं होने पर 36 बिरादरी की पंचायत का ऐलान

**एनपीटी ब्यूरो**



कांधला।विजय कश्यप हत्याकांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शामली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत नहीं करने पर एसपी ऑफिस पर 36 बिरादरी की एक महापंचायत की घोषणा की गई। जिसमें कश्यप समाज के साथ 36 बिरादरी के लोगों को भी मृतक के परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए महापंचायत पहुचने का आह्वान किया गया।

नगर के मौहल्ला शेखजादगान निवासी 22 वर्षीय विजय कश्यप की हत्या सीमा विवाद में उलझकर रह गई है। घटना के संबंध में पीड़ित परिजनों के द्वारा शिकायत व तहरिर देने के बाद भी जनपद पुलिस ने हत्या का संगीन मामला दर्ज कर दोषी लोगों पर कार्रवाई नहीं की है। परिजनों का आरोप है की घटना के संबंध में जनपद पुलिस व हरियाणा पुलिस परिजनों के पास घटना के संबंध जानकारी तक लेने नहीं पहुंची। विजय हत्याकांड के मामले में प्रतिदिन कोतवाली व एसपी ऑफिस के चक्कर काट रहे है। मामले को लेकर निराशित पीड़ित परिजनों कश्यप समाज के साथ 36 बिरादरी के लोगो से सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर इंसाफ दिलाने के लिए सहयोग की मांग की। मामला सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल होने के बाद कश्यप क्रांति मिशन, कश्यप महासभा, सर्व समाज सेवा जन समिति, सहित कई संगठनों के पदाधिकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। संगठनों के पदाधिकारी ने कहा कि 2 दिन के भीतर अगर हत्या के प्रकरण में कैराना कोतवाली पुलिस मामला पंजीकृत नहीं करती है तो 15 मई को कश्यप समाज के साथ 36 बिरादरी के लोग विजय की हत्या के मामले में एसपी शामली के कार्यालय पर महापंचायत कर धरना देंगे। पीड़ित परिवार को इंसाफ मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान शोकिन्द्र, अमित, अंकित, कल्याण सिंह, नीतीश, सुशील, रवि, नीटू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ तक गूंजेगा विजय हत्या कांड का मामला



**एनपीटी ब्यूरो**

कांधला। विजय हत्याकांड में सपा विधान परिषद सदस्य व रालोद विधायक ने परिजनों से मिलकर मामले में कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मामले में विधान परिषद सदस्य ने पूरे प्रकरण को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के समक्ष उठाकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी अजब सिंह कश्यप का 22 वर्षीय बेटे विजय कश्यप की 5 मई को कैराना व सनोली हरियाणा पुलिस चौकी यमुना पुल के समीप लाश पडी मिली थी। घटना के संबंध में परिजनों ने हरियाणा पुलिसकर्मियों पर युवक की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया था। मामले में कैराना कोतवाली पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया था। घटना में एक सप्ताह से भी अधिक का समय बीत गया है। आरोप है हत्याकांड के प्रकरण में अभियोग पंजीकृत नहीं किया। घटना के संबंध में परिजनों के साथ समाज के लोगों में गहरा रोष पनपता जा रहा है। रविवार को समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य किरणपाल कश्यप ने मृतक युवक के परिजनों से घटना की जानकारी ली, और शीघ्र ही पूरे प्रकरण को लखनऊ जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अगर जिला प्रशासन शीघ्र घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत नहीं करता है तो पीड़ित परिवार के साथ लखनऊ जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलाकात कराई जाएगी और एक डेलिगेशन पूरे प्रकरण की जांच करेगा। मृतक युवक को हर संभव इंसाफ दिलाया जाएगा, वही पीड़ित परिजनों के बीच पहुंचे रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी ने पीड़ित परिजनों के बीच पहुँच कर सोमवार को एसपी शामली से मिलकर घटना के संबंध में कैराना कोतवाली क्षेत्र में अभियोग पंजीकृत करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र निवासी विजय कश्यप को हर संभव न्याय दिलाया जाएगा।

# शिक्षा विभाग की आंखों में धूल झोंककर बनवाए दो जन्म प्रमाण पत्र, अभियोग दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो**

कांधला। एलम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के द्वारा जांच में एक युवक के द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो जन्मतिथि का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद युवक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

इंटर कॉलेज एलम के प्रधानाचार्य मौ वासिद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कॉलेज के रिकार्ड का अवलोकन करने के दौरान उन्हें हरिनगर एलम निवासी मोहित पंवार पुत्र रामपाल सिंह के द्वारा अपने शैक्षिक अभिलेखों में कूट रचना करने का पता चला। प्रधानाचार्य ने शिकायती पत्र में बताया कि मोहित पंवार के द्वारा एलम के प्रा0 पा0 नं0 03 से कक्षा पांच उत्तीर्ण करने के बाद उनके कॉलेज में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु वर्ष 2003/04 में आवेदन किया था। आवेदन करते समय उसकी टीसी व आवेदन पत्र में उसकी आयु 26 अक्टूबर 1993 दशाई गई थी। जिसके बाद वह वर्ष 2008 व 2009 में दो बार हाईस्कूल में अनुत्तीर्ण हुआ। जिसके बाद उनके द्वारा कूट रचना करके वर्ष 2008/09 में श्रीमती मोहर श्री पब्लिक स्कूल जीटी रोड एटा में कक्षा 09 में प्रवेश लिया, जहां उसने कूट रचना करके अपने अभिलेखों में अपनी उम्र 26 अक्टूबर 1995 दर्ज करा दी वही इसके साथ वह सत्र 2008/9 में एलम इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। एटा से कक्षा 09 व हाईस्कूल उत्तीर्ण करने के बाद मोहित ने एक बार फिर एलम इंटर कॉलेज में आकर वर्ष 17 जौलाई 2010 को सत्र 2010/11 में कक्षा 11 में प्रवेश लिया तथा इस बार उसने कॉलेज में अपनी उम्र हाईस्कूल की मार्कसीट के आधार पर 26 अक्टूबर 1995 दर्ज कराई।

जिसके चलते मोहित पंवार के द्वारा कॉलेज में कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर अपनी उम्र में फेर बदल किया गया तथा वर्तमान में कॉलेज अभिलेखों में उसके एस आर नंबर 16794 पर 26 अक्टूबर 1993 तथा एसआर नम्बर 18485 पर 26 अक्टूबर 1995 दर्ज है। आरोप है कि मोहित पंवार ने व्यक्तिगत लाभ के लिए कूटरचित दस्तावेजों को तैयार करके उसे फर्जी जानते हुए भी असली के रूप में प्रयोग किया है। प्रधानाचार्य मौ वासिद के शिकायती पत्र पर पुलिस अधीक्षक शामली के आदेश के बाद थाना कांधला में आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र पर अभियोग पंजीकृत किया गया है, मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# लू के थपेडों ने लोग परेशान

**एनपीटी ब्यूरो**

शामली। तेज और लू के थपेडों ने लोगों को खासा परेशान किए हुआ है। इस बार गर्मी से हर कोई परेशान हो गया है। ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी नागरिकों को रूलाकर रख दिया है। सडकों पर गर्म हवाऐं चलने से लोग घरों में दुबके रहे और सडके वीरान रही।

रविवार को भीषण गर्मी और सडकों पर चल रही गर्म हवाओं से नागरिक खासा परेशान दिखाई दिये। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान जहां 39 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया वही न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे से ही तेज धूप के कारण आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई थी। तेज धूप और चिपचिपाती गर्मी से नागरिकों का हाल बेहाल रहा। घर हो या बाहर गर्मी में कही पर भी आराम नही मिल पा रहा है। चिपचिपाती गर्मी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बिजला की कटौती से हो रही है। लो वोल्टेज के कारण नागरिक परेशान है। जिस कारण लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत नही मिल पा रही है। रविवार को भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बाजार सुनसान दिखाई दिये। शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्र गुरूद्वारा तिराहे पर भी सडके सुनसान रही। जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। सडकों पर वाहनों की संख्या भी कम देखने को मिली है। भीषण गर्मी का प्रकोप यातायात भी पर भी देखने को मिला।

# बेनिसन एकेडमी में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया

**एनपीटी ब्यूरो**



शामली। शहर के बेनिसन एकेडमी में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ केक काटा और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मां के महत्वता पर प्रकाश डाला।

रविवार को शहर के गांव खेडीकरमू लिलौन स्थित बेनिसन एकेडमी में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक एआर चौहान ने किया। उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां का महत्व बहुत बडा है। दुनिया में मां नही होती तो दुनिया भी नही होती। सृष्टि को रचने वाली मां ही है। अपनी मां की इज्जत करे और उनसे प्रेम से पेश आये। माता पिता का सम्मान जरूर करना चाहिए। प्रधानाचार्य मोनू मलिक ने स्कूल में मदर्स डे पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित कराई। कार्यक्रम के आखिर में कार्यक्रम में पहुंची बच्चों की माताओं द्वारा केक काटा गया और दूसरे को मदर्स डे की शुभकामनाऐं दी गई। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल श्वेता चौधरी, रोहित कुमार, सविता, ज्योति, श्रयांशी, स्नेहा, साजिदा, सानिया, मुकेश कुमार, रचना, कुलसुम, नर्मता, अंजली, अजरा, युसरा रहमानी, तेमाज, तसव्वुर चौहान आदि मौजूद रहे।

# 87वां निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे वितरण कैंप का आयोजन



शामली। रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 87वा निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 86 मरीजों की जांच कर 56 को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 87वा निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। इस दौरान उन्होने कहा कि इस कैंप में सभी जरूरतमंद व्यक्ति पहुंचकर अपनी जांच कराकर निशुल्क चश्मा प्राप्त करते है। कैंप में आई चिकित्सक डा. अब्दुल बासिद अली द्वारा करीब 86 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 56 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। साथ ही मरीजों को आंखों की देखभाल रखने के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर उस्मान, नाबील, पवन संगल, रवि संगल आदि मौजूद रहे।

# 23वी उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर एथलेटिक चौंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**



शामली। रविवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में 23वी उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर एथलेटिक चौंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाडियों ने जमकर पसीना बहाया।

शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर एथलीट चौंपियनशिप के लिए उधम सिंह स्टेडियम में आज ट्रायल लिया गया। जिसमें बालक व बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इससे चयनित खिलाड़ी सीधे राज्य स्तर के लिए प्रयागराज में 18 व 19 मई को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में प्रतिभा करेंगे। प्रतियोगिता के 100 मीटर में आयुष प्रथम, देव स्वामी द्वितीय, सिद्धार्थ तृतीया रहे। 200 मीटर में मयंक प्रथम, दुष्यंत कुमार द्वितीय, आयुष तृतीया रहे। 400 मीटर में दुष्यंत कुमार प्रथम, कुमार द्वितीय, आशु तृतीया रहे। 800 मीटर में हिमांशु प्रथम, गौरव द्वितीय, अभिनव तृतीया रहे। 1500 मीटर में कपिल प्रथम, राजा द्वितीय, आवेश तृतीया रहे। 5000 मीटर में मयंक प्रथम, भंवर चौहान द्वितीय, शनि तृतीय रहे। 10 हजार मीटर में नीरज कुमार प्रथम, मुस्ताक द्वितीय रहे। भाला फेंक में शिवांशु प्रथम, पारस कुमार द्वितीय, चक्का फेंक में वंश चौधरी प्रथम, नितिन द्वितीय, गोला फेक में अंकित सैनी प्रथम, अभिमन्यु द्वितीय, लंबी कूद सिद्धार्थ प्रथम, अंकित द्वितीय, गार्गी तोमर 5000 मीटर में प्रथम, 1500 में प्रथम रानी, द्वितीय अनुष्का, तृतीय अंजुम चौधरी रही। ऊंची कूद प्रथम संजना, द्वितीय तनुजा राठी, 1500 मीटर में प्रथम प्राची रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कपिल कुमार, संदीप कुमार, अंकित कुमार, अनिल कुमार, मुकेश, अजय धीमान, आजाद, शाकिर आदि मौजूद रहे।

# मदर्स डे पर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

शामली। शहर के माजरा रोड स्थित सिप अबेकस में मदर्स डे बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा मदर्स डे पर पेटिंग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने सुंदर पेटिंग बनाई और मां के महत्व पर निबंध लिखी। बाद में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के माजरा रोड स्थित सिप अबेकस में मदर्स डे पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। डायरेक्टर मृदुला जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा मां के महत्व विषय पर एक पेंटिंग न निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढचढकर हिस्सा लिया और मां के महत्व पर सुंदर सुंदर निबंध लिखी। डायरेक्टर मृदुला जैन ने कहा कि मां भगवान का दूसरा रूप है। मां के साथ बच्चों का रिश्ता अटूट होता है। आज के समय में जहां बच्चे हर समय मोबाइल और टीवी और गेम्स के आदी हो गए हैं। इस युग में मां को भी बच्चों की तरह स्मार्ट बनना पड़ेगा तो बच्चों के साथ अटूट रिश्ते के लिए हमें बच्चे को रोज क्वालिटी टाइम देना बहुत आवश्यक है।

# वृद्ध जनों को प्रदान किए जाएँगे सहायक उपकरण

शामली। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्ध जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएँगे। इस योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन या दिव्यांग जिन्हें चलने फिरने या अन्य शारीरिक गतिविधियों में दिक़्कत है। जैसे कि किसी से चला नहीं जाता या बैठने में दिक़्कत होती है, कमर में दर्द रहता है, गर्दन में या सर्वाइकल का दर्द रहता है, आंखों की देखने की व कानो की सुनने की क्षमता खो चुके है,उन्हें अनेक तरह के सहायक उपकरण जैसे बेंत, सीट युक्त फोल्डिंग बेंत, वॉकर, व्हीलचेयर, कमोडयुक्त व्हीलचेयर, सिलिकॉन सीटिंग पिलो, नी ब्रेस, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की इस योजना के तहत भारतीय कृत्रिम एवं अंग उपकरण निगम द्वारा जनपद शामली के ब्लॉक में 13 मई से शिविर आयोजित होंगे। इस शिविर में 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन प्रतिभाग कर सकते है। शिविर 13 मई को विकास खंड परिसर कांधला, 14 मई को विकास खंड परिसर शामली, 15 मई को विकास खंड परिसर थानाभवन, 16 मई को विकास खंड परिसर ऊन में आयोजित होंगे।

# अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा एक लावारिस प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया

**एनपीटी ब्यूरो**



शामली। गत 8 फरवरी को बहालगढ़, हरियाणा से ममता सरोहा की सूचना के अनुसार अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा एक लावारिस प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया गया था। प्रभुजी की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी। प्रभुजी ठीक से बोल नहीं पाते थे एवं अपना नाम भी सही से नहीं बता पा रहे थे। आश्रम द्वारा प्रभुजी को सलीम नाम दिया गया। आश्रम में प्रभुजी की सेवा एवं उपचार किया गया। प्रभुजी का इलाज डा. अरुण राय के परामर्श से किया गया। सेवा एवं उपचार से प्रभुजी की शारीरिक स्थिति में अल्प समय में सुधार होने लगा। 5 दिन पहले आश्रम कार्यालय द्वारा पूछने पर प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई एवं नाम शमीम बताया। अपना पता गांव निमुआ, जिला सुपौल, बिहार बताया। नेट पर सर्च करने पर प्रभुजी के गांव के प्रधान का नम्बर प्राप्त हुआ। उनसे संपर्क करने पर प्रभुजी की पूरी जानकारी उन्हें दी गई एवं उनसे अनुरोध किया गया कि प्रभुजी के घर का पता लगा कर उनके परिवार से किसी का सम्पर्क कराए। थोड़ी देर बाद उन्होंने प्रभुजी के भाई शफीक का मोबाइल नंबर दिया। कार्यालय द्वारा उनके भाई से बात की गई। शफीक ने अपने भाई से बात की एवं उन्होंने प्रभुजी को पहचान लिया एवं हमें बताया कि वे अभी अहमदाबाद में है और जल्दी ही अपने भाई को लेने अपना घर आश्रम शामली आयेंगे। शनिवार देर रात प्रभुजी के भाई शफीक अपना घर आश्रम आए एवं शफीक ने बताया कि उनके भाई शमीम मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण 5 साल पहले घर से बिना बताए निकल गए थे एवं बहुत खोजने पर भी नहीं मिले। प्रभुजी के भाई ने कार्यालय कार्यवाही पूर्ण की अपने भाई को अपने साथ गांव निमुआ जिला सुपौल बिहार ले गए ।

# श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया

शामली। शहर के मंदिर हनुमान धाम पर चल रही श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा व्यास चंचल शर्मा ने श्रीमद भागवत कथा की अमृत वर्षा की। उन्होने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का और राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति की कथा सुनाई। कथा प्रारम्भ से पूर्व शशी शर्मा, अशोक तथा अजय ने दीप जला कर कथा का शुभारंभ किया। कथा सुनाते हुए चंचल शर्मा ने श्री कृष्ण जी का रुक्मिणी विवाह, सत्यभामा विवाह, जाम्बवन्ती विवाह सहित सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों का बड़ा सुन्दर वर्णन किया। आज उन्होने भगवान के सचिदानन्द, दीनबन्धु, मुरारी, गिरधारी, केशव, बिहारी, मधुसूदन आदि विभिन्न नामों की व्याख्या करने के साथ सुदामा और कृष्ण की मित्रता की कथा का भी बड़ा सुन्दर वर्णन किया। राजा परीक्षित के मोक्ष प्राप्ति की कथा के साथ ही सात दिनों से चल रही कथा ने भी अपनी पूर्णता को प्राप्त किया। कथा से पूर्व प्रातः काल की सुन्दर बेला में हवन का भी आयोजन किया गया। हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी, अनिल शर्मा, यशपाल पंवार मुख्य अतिथि रहे। कथा सुनने के लिये भक्त आज बड़ी संख्या पंडाल में बैठे हुए थे। कथा के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# जन आधार ई-केवाईसी का सरलीकरण

## भजनलाल सरकार ने दी आम जन को बडी. राहत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल -तिजारा :राजस्थान सरकार ने जन आधार की ई-केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण किया है। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने जिन लोगों के फिंगरप्रिंट, आईरिस नहीं आने एवं आधार में मोबाइल नंबर नहीं होने या अपडेट नहीं होने की स्थिति में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में विलम्ब होता था इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने आमजन को राहत प्रदान की खबरों के अनुसार जन आधार प्राधिकरण ने सभी जिला कलक्टर को पत्र लिखकर बताया है कि राज्य के उम्रदराज निवासियों की आधार में बायोमेट्रिक डेटा इनपुट अर्थात फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने एवं आधार में मोबाइल नम्बर नहीं होने की स्थिति में जन आधार में आधार से ऑनलाइन ईकेवाईसी नहीं हो पाती है। ऐसे लोगों की समस्या के



समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा ऑफलाइन ईकेवाईसी की व्यवस्था की गई है। ऑफलाइन ईकेवाईसी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में ब्लॉक विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी (द्वितीय सत्यापक) की एसएसओ आईडी पर ऑफलाइन ईकेवाईसी का ऑप्शन उपलब्ध करवाया गया है जिसके माध्यम से फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने व आधार में मोबाइल नम्बर नहीं होने वाले व्यक्तियों की ईकेवाईसी की जा सकेगी।

ऐसे उम्रदराज व्यक्ति जिनके बायोमेट्रिक डेटा इनपुट अर्थात फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने व आधार में मोबाइल नम्बर नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने मे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था उन सभी को इस आदेश से राहत मिलेगी।

# इंदिरा हैप्पी स्कूल ने मनाया 50 वां स्थापना दिवस

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो। खैरथल ' जिले के पहले निजी स्कूल इंदिरा हैप्पी स्कूल द्वारा स्थापना की गोल्डन जुबली मनाते हुए वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देते हुए अभिभावको बैठने के लिए मजबूर कर दिया इधर देश भक्ति के गीतों के द्वारा लोगों में जोश भरते हुए देशभक्ति का जज्बा जगाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार अध्यक्षता एसपी मनीष कुमार चौधरी करने वाले थे लेकिन भारत में पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए राज्य सरकार के निदेर्शों के अनुसार वह कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके इसके लिए दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम में नहीं पहुंचने के लिए खेद जताया 'इधर कार्यक्रम में स्कूल संस्थापक इंद्रपाल खुराना प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योति खुराना व निदेशक



पंकज खुराना सहित डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता अतिथि के रूप में मौजूद रहे ' दीप प्रज्वलितकर कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में एंकर गर्वी खुराना टिया दुलानी सुजाता मंगलानी स्टेज व्यवस्था महिमा दादानी दिशा बजाज एकता मंगलानी मोना चंदवानी ने संभाली मिस्टर हैप्पी किड्स जसदीप सिंह मिस हैप्पी किड्स देवांशी सोनी रहे बच्चों ने हरियाणवी राजस्थानी गुजराती साउथ इंडियन देश भक्ति पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं कार्यक्रम की व्यवस्थाएं मंजू गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता पूजा शर्मा पूजा सेन नीतू शर्मा आंचल पूनम सिमरन चांदनी अकबर खान अजीत मंगलानी महेश शर्मा मोना कनानी कविता चौहान प्रियंका चौहान प्रीति जांगिड़ सिमरन , रेनू, पुष्पा , ममता आदि ने संभाली कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक पंकज खुराना ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया और विद्यालय स्टाफ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । देवांगी लालवानी व उनके माता-पिता को योगा हेतु पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# कोटड़ी में श्रीमद् भागवत कथा का समापन, आज होगा विशाल भंडारा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खंडेला। क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन संतों की तपोस्थली झोपड़िया आश्रम कोटड़ी में महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन किया गया। शाम को मंत्रोचार के साथ हवन में पूणार्हुति दी। कथावाचक विपुल कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, फूल होली, सुखदेव विदाई, व्यास पूजन आदि का वर्णन किया गया। कथा में कृष्ण सुदामा की सजीव झांकियां सजाई गई। कथावाचक ने कहा कि मित्रता करनी है तो कृष्ण और सुदामा जैसी कीजिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को साधु संतों और गौ माता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। महाआरती के साथ श्रीमद् भागवत कथा का



समापन किया गया। सोमवार को सुबह से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जो देर रात्रि तक चलेगा। आश्रम के महंत लक्ष्मण दास महाराज ने श्रद्धालुओं से अपील कर कहा कि भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में प्रसादी ग्रहण करें। इस दौरान पूर्णदास महाराज, नरसिंह दास महाराज, नेमीदास महाराज भादवाड़ी, मोहनदास महाराज, ज्ञानदास महाराज, मोहनलाल यादव, रामनिवास यादव, ताराचंद यादव, हरीराम यादव, सोनाराम यादव, हरफूल यादव, गोपाल सिंह पोंख, मनजीत स्वामी बामलास, महेंद्र यादव, धूड़ाराम यादव, मक्खन लाल यादव, महावीर खरबास, अविनाश कुमार, नमन ग्रोवर सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# शादी में एक दिन पहले इंतजाम नहीं, मौके पर नेक कमाई टीम



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अलवर. नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से आज अलवर शहर की एक ऐसी बेटी को कन्यादान का सामान दिया गया जिसकी एक दिन बाद शादी थी लेकिन उसका इंतजाम नहीं हो पाया। इसकी सूचना संरक्षक दौलत राम हजरती को मिली और उन्होंने आनन फानन में कन्यादान के सामान का इंतजाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश गुप्ता थे जबकि कॉमर्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सत्यभान यादव ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने कहा कि इस पुनीत कार्य में पूरा समाज आगे है। इस अवसर पर मुरारी मेंहदीरता भी उपस्थित थे। मुख्य कॉर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संस्था का यह 267 वा कन्यादान था। इस अवसर पर बेटी के चरण धोकर आशीर्वाद लिया गया।

# माताओं का किया सम्मान :अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर आज गायत्री शक्तिपीठ

अलवर पर मातृ दिवस का समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर जूविनाइल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट अलवर की जज साहिब स्वाति तथा अलवर ऑब्स सोसाइटी तथा नार्ची की डॉक्टर आभा सपरा,डॉक्टर रिचा गुप्ता एवं डॉक्टर नंदिनी शर्मा ने उन माताओं का सम्मान किया जिन्होंने न केवल अपने बालकों को सही शिक्षा दी अपितु उन्हें नैतिक,बौद्धिक व सामाजिक रूप से भी श्रेष्ठ नागरिक बना रही हैं। इसमें मोनिका, सुदर्शन यादव , ललिता सेन , हेमा सैनी , रेखा , सुनीता यादव, सुशीला देवी, सुनीता जांगिड़, आशा नरुका , रजनी शर्मा, आशा तिवारी , ममता गुप्ता व मनीषा गुप्ता को गायत्री मंत्र की पट्टीका एवं सुख समृद्धि व गौरव की प्रतीक चुनरी ओढाकर मातृशक्ति को सम्मान प्रदान किया । इससे पूर्व आज सुबह 9:30 बजे जुबिनियल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज साहिबा,अलवर ऑब्स सोसाइटी की सदस्यों व गायत्री परिवार ट्रस्ट के सदस्यों ने दीप पूजन किया। गायत्री परिवार की ओर से सहायक प्रबंधक ट्रस्टी ममता गुप्ता, ट्रस्टी आशा तिवारी, ट्रस्टी शशि गुप्ता, जिला महिला प्रकोष्ठ की रजनी शर्मा ने आए हुए अतिथियों को युग निर्माण का साहित्य तथा प्रतिदिन यज्ञ करने के उद्देश्य से सुगम यज्ञ की किट भेंट की तथा आशा तिवारी ने सुगम यज्ञ करने का संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया।

कार्यक्रम के समापन पर जुवेनाइल कोर्ट की जज साहिबा ने महिलाओं के विकास एवं परिवार के निर्माण में पण्डित श्री राम शर्मा आचार्य के सूत्रों को जीवन में पालन करने के लिए आव्हान किया। उन्होंने बताया कि परिवार एक पाठशाला है जिसमें जीवन जीने के कौशल का प्रशिक्षण मिलता है। उपस्थित वक्ताओं ने अच्छे स्वास्थ्य, सर्वांगीण विकास, शिक्षा व संस्कारो पर प्रकाश डालते हुए मातृ दिवस पर अपने - 2 विचारों से अवगत कराया।

समारोह में गायत्री परिवार अलवर के वरिष्ठ सदस्यों सहित महिला, प्रज्ञा एवं युवा प्रकोष्ठ के कई सदस्यों ने सहयोग किया। समारोह के अंत में श्रीमती ममता गुप्ता ने शान्ति पाठ कराया। ज्ञात रहे गायत्री शक्तिपीठ अलवर परिवारों में संस्कारों को गढ़ने का कार्य कर रहा है इसी श्रृंखला में गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर आज सुबह 5 कुण्डी यज्ञ के माध्यम से रघुवीर सिंह नरूका व अंतरा नरूका का 60 वां विवाह दिवस भी वेदोक्त रीति रिवाज से मनाया।

# माताओं का गंगा जल से पैर पखारकर किया सम्मान, दिलों को छू गई भावनाएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। प्रगति सोशल वेलफेयर समिति बैतूल के तत्वावधान में 11 मई को मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी माताओं के गंगा जल और दूध से पैर पखारकर उनका पूजन कर अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. श्रीराम तिवारी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन से किया गया।

समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कहा कि एक माँ के रूप में वे समझती हैं कि अगर कोई बच्चा अपनी माँ का अपमान करता है तो उसे कैसा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ एक दिन



के लिए माताओं का सम्मान नहीं करना चाहिए, बल्कि हर दिन माँ के प्रति आदर और प्रेम का भाव बनाए रखना चाहिए।

समिति की सचिव श्रीमती नंदनी तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक वृक्ष सर्दी, गर्मी, हवा और पानी में भी संकल्पित होकर खड़ा रहता है और अपनी छाया और फल देता है, उसी प्रकार हमारी माताएँ भी सभी कष्टों को सहकर अपने बच्चों के लिए हर संभव प्रयास करती हैं। उन्होंने कहा कि मां की महानता का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता, जैसे एक पक्षी भूखा होते हुए भी अपने बच्चों की चोंच में दाना डालने का प्रेम दशार्ता है।

समिति के भरत सूर्यवंशी ने कहा कि मां की महिमा का बखान तो वेद भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जिनके पास मां नहीं है, वही उसकी अहमियत को सही मायनों में समझ सकते हैं।

इस कार्यक्रम का संचालन कृष्णा चौधरी ने किया। कार्यक्रम में शामिल होकर सम्मानित होने वाली माताओं में श्रीमती उमा तिवारी, सुनीता मिश्रा, शारदा ब्राह्मने, मीना जेधे, पुष्पा सूर्यवंशी, फुलवंती ठाकुर, रंजनी गुप्ता और गेंदाबाई शामिल थीं। कार्यक्रम में धीरज जोजे ने भावपूर्ण गीत मां तू कितनी अच्छी है गाया, जिसने सभी की आंखें नम कर दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम में समिति के अन्य सदस्य सुरेश गौतम, अनूप ठाकुर, जगदीश किरोदे, कमलेश ब्राह्मने, अंजलि सोलंकी, प्रिया ठाकुर, अलका पटने और श्रेया पटने भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति की कल्पना आर्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए माताओं को नमन किया।

# जोधपुर से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन सोमवार से

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जोधपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे ने जोधपुर-दिल्ली मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। ट्रेन संख्या 04815 सोमवार को दोपहर 2:50 बजे जोधपुर से रवाना होकर रात 11:55 बजे दिल्ली पहुंचेगी रेलवे द्वारा दिल्ली की ओर ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए सोमवार से जोधपुर-दिल्ली स्टेशनों के बीच पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

# आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हुए कई घरो का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मुआयना

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

वार्ड क्रमांक 37 गहिलगढ़ पूर्व ,चंदावल में कल रात्रि आए प्राकृतिक आपदा तूफान से कई घरों के छत , सिट, पेड़ खंभे गिर गए थे जिससे लोगो का भारी नुकसान हुआ है ,आज विधायक सिंगरौली माननीय रामनिवास शाह जी के साथ पहुंचकर कर क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों की



उपस्थिति में नुकसान का निरीक्षण कर उचित मुआवजा हेतु निर्देशित किया गया। साथ में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, पार्षद सीमा जायसवाल, पार्षद भारतेंदु पांडेय, पार्षद प्रतिनिधि बाबूनंदन बंसल, उपस्थित रहे ।

# एमपी आबकारी आरक्षक भर्ती की परीक्षा 5 जुलाई से, एडमिट कार्ड 4 दिन पहले जारी

### 253 पदो के लिए लगभग 2 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

भोपालः मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा इस साल की तीसरी भर्ती परीक्षा जुलाई माह में आयोजित करेगा ये भर्ती परीक्षा एमपी आबकारी आरक्षक भर्ती 2024 की है इसकी ऑनलाइन परीक्षा 5 जुलाई से शुरू होगी परीक्षा शुरू होने से 4 दिन पहले इसके एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे इस परीक्षा में लगभग 2 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं ये परीक्षा भोपाल इंदौर समेत 13 शहरों में दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे तक और दूसरी पाली 2ः 30



से 4:30 तक होगी इस परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 प्रश्नों का हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम से होगा। सभी प्रश्नों का स्तर हाईस्कूल स्तर का होगा। जिसका पाठ्यक्रम निम्नानुसार है सामान्य ज्ञान एवं तार्किक ज्ञान से 40 अंक बौद्धिक क्षमता एवं मानसिक अभिरूचि से 30 अंक विज्ञान एवं सरल अंक गणित 30 अंक रहेगा आपको बता दे एमपी आबकारी आरक्षक के लगभग 253 पदों पर भर्ती होगी इस साल के अंत तक 253 पदो पर भर्ती पूरी हो सकती है

# सोशल मीडिया में भ्रामक वीडियो एवं फोटो डालने पर होगी कार्रवाईः कलेक्टर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की जा रही कार्यवाही को लेकर सोशल मीडिया में भ्रामक सूचनाएं, वीडियो, फोटो और अपुष्ट सूचनाओं पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत लोकहित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आदेश जारी किये हैं। आदेश के तहत ऑपरेशन सिंदूर और सेना तथा जिले की सुरक्षा से संबंधित किसी भी तरह की भ्रामक अपुष्ट सूचना, वीडियो, फोटो, रील वायरल करता है तो उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। आदेश पूरे जि जिले में तत्काल प्रभावशील कर दिया गया है। वहीं पुलिस साइबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया में भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आदेश का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए मुनादी पिटवाने के निर्देश दिये गये हैं। लोगों से भी अपील की



गई है कि वे सोशल मीडिया में ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारियां प्रसारित, शेयर करने से बचें। गौरतलब है कि जिले में कई औद्योगिक संस्थान स्थापित हैं, जिससे जिला अति संवेदनशील की श्रेणी में आता है। जिले में स्थित प्रमुख सरकारी और निजी औद्योगिक संस्थान, पावर प्लांट के आसपास रील न बनाने और रील को सोशल मीडिया में प्रसारित न करने की हिदायतें जारी की गई है।

**नागरिक सुरक्षा के प्रभारी नियुक्त**

गृह विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों को प्रभार दिया है। जिसमें डीएफओ अखिल बंसल, डीईओ सूर्यभान सिंह, कम्युनिकेशन सेवा बीपी शर्मा, कैजुअल्टी डॉ. एनके जैन, फायर योगेंद्र बाहदुर सिंह, वेलफेयर नीलकंठ मरकाम, साल्वेज सेवा आरपी वैश्य, क्रॉप्स डिस्पोजल डीके शर्मा, डिपो एवं टीपीटी विक्रम सिंह राठौर, प्रशिक्षण सेवा डॉ. एमयू सिद्दीकी, आपूर्ति सेवा पीसी चंद्रवंशी को बनाया गया है। सभी अधिकारी प्रतिदिन शाम 5 बजे अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने थाना प्रभारियों को दिया अहम निर्देश, असमाजिक तत्वों पर रहेगी

## पैनी नजर, लोगों को अफवाहों से बचने की दी हिदायत

एनपीटी ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ की अध्यक्षता में शनिवार को मंथली क्राइम मीटिंग (मासिक अपराध गोष्ठी) समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माह अप्रैल में किये गये कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना/ ओपी प्रभारी/ सम्बन्धित शाखा प्रभारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान (1) प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की विवरणी का समीक्षोपरांत पाया गया कि माह अप्रैल 2025 में करीब 104 कांड प्रतिवेदित हुआ है एवं लगभग 117 कांडों का निष्पादन किया गया। जबकि (2) वर्ष 2020 एवं 2021 के लंबित कण्डों का विस्तृत समीक्षा के पश्चात संबंधित थाना प्रभारी को माह मई के अंत तक लंबित कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वही (3) वर्तमान में लंबित कुल 393 कांडों की संख्या को घटा कर माह मई के अंत तक 350 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया



गया। साथ ही (4) डकैती/ लूट/ छिनतई/ चोरी /गृहभेदन जैसे घटनाओं पर अकुंश लगाने एवं थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने का हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। बैठक में (5) थाना/ओपी में लंबित कांडों का नियमित रूप से समीक्षा करने एवं सम्बन्धित अनुसंधानकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश देने हेतु सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही (6) अवैध खनिजों का परिवहन के विरुद्ध नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाए जाने एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत आवश्य कारवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे (7) पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर एवं जगह बदल-बदल कर वाहन इत्यादि की सघन जांच करवाने हेतु निर्देशित किया गया। 8) साथ ही थाना में लंबित वारंट/ परिवाद/पासपोर्ट सत्यापन/ चरित्र सत्यापन से सम्बन्धित लंबित मामलों को निर्धारित समय के अन्दर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

वही (9) सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर चालक का हेलमेट/ सिटबेल्ट/ रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने तथा ड्रंकन ड्राईव के विरुद्ध नियमित रूप से जांच अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही (10) 22 मई 2025 को पहलगांव में हुए आतंकवादी घटना एवं वर्तमान में पाकिस्तान से चल रहे मतभेद के मद्देनजर सभी थाना/ ओपी प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि पर सतत निगरानी रखने एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया गया।

# बाबूलाल मरांडी झारखण्ड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का ले रहे हैं सहारा- झामुमो प्रवक्ता

एनपीटी ब्यूरो

झामुमो महासचिव सह-प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह-पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अब झारखण्ड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीजीपी पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर हेमन्त सोरेन सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपनी पार्टी के अन्दर झांककर देख लेना चाहिए। कहा झारखण्ड में आज जिन मुद्दों पर बाबूलाल मरांडी शोर मचा रहे हैं, वे उन्हीं के शासनकाल की देन हैं। तब के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खेल ने ही आज प्रशासनिक व्यवस्था को इस स्थिति में ला खड़ा किया है। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दमदार नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हुआ है। आज हर वर्ग के



चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि यह बयान हास्यास्पद है, क्या बाबूलाल मरांडी खुद को इतना हताश और भ्रमित मान चुके हैं कि अब बिना किसी आधार के ऐसी बातें कह रहे हैं? अगर उनके पास कोई ठोस प्रमाण है, तो सामने लाएं। वरना, झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की साजिश बंद करें। संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने से पहले मरांडी जी ये भी बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था। कहा हेमन्त सोरेन सरकार पर उंगली उठाने से पहले बाबूलाल मरांडी को ये समझ लेना चाहिए कि जनता अब सब कुछ देख रही है। झारखंड के लोग अब उनके दोहरे चरित्र और सस्ती राजनीति के झांसे में आने वाले नहीं हैं। जिसका परिणाम पिछले चुनाव में हार के रूप में भाजपा को देखने मिल चुका है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि सीएम हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास और पारदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। और बाबूलाल मरांडी , अगर आपको झारखण्ड की फिक्र है, तो झूठ फैलाने के बजाय रचनात्मक सुझाव दीजिए। लेकिन हां, इसके लिए जमीन पर आकर सच्चाई का सामना करना पड़ेगा।

# पूणार्हुति के साथ सात दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ का हुआ विधिवत समापन

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०). लातेहार जिला अंतर्गत बारियातू प्रखण्ड के अमरवाडीह पंचायत के चेडरा ग्राम स्थित महुआटांड़ में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ का समापन शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूणार्हुति के साथ भव्य रूप में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आस्था व्यक्त की तथा प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के अंतिम दिन प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। यज्ञाचार्य श्री श्री 108 महंत रविन्द्र नाथ पांडेय के नेतृत्व में पूणार्हुति की वैदिक प्रक्रिया संपन्न की गई। इसके उपरांत मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के समापन कार्यक्रम में मुख्य यजमान दीपक कुमार एवं



उनकी धर्मपत्नी निशा देवी सहित अन्य यजमानों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। आयोजन के अंतिम दिन ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के बीच यज्ञ समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, धर्म और आस्था हमारी संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत करते हैं। मैं इस सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति और समस्त ग्रामवासियों को बधाई देता हूँ। इसके अतिरिक्त जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पंचायत की मुखिया सुशिला देवी, पूर्व मुखिया राजेंद्र उरांव,भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, विजय यादव, अरविंद यादव, हरी साव, कुलेश्वर गंझू, दिलीप प्रजापति समेत कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष विनेश्वर यादव, सचिव बंसी यादव, कोषाध्यक्ष महेश यादव एवं अन्य मंडली सदस्यों के प्रयास से यह आयोजन

# ट्रक और स्विफ्ट वाहन की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

एनपीटी ब्यूरो



धनबाद जिले के कतरास थाना अन्तार्गत जिलाटांड़ एन एच 32 में रविवार सुबह करीब आठ बजे एक स्विफ्ट और एक ट्रक में टक्कर हो गई। हालांकि दोनों एक ही तरफ से आ रही थी। आपको बताते चले की बोकारो से चार चक्का वाहन जेएच 09 एवी 0818 दुगार्पुर तिलक समारोह में जा रहे थे। वही उड़ीसा से माल लेकर एक ट्रक ओडी 04जी 3334 जो कि गोविंदपुर खाली करने जा रहे थे। इसी क्रम में ती लाटांड़ स्थित महुदा राज एन एच 32 मुख्य मार्ग में टकरा गये। जिससे मारुति स्विफ्ट वाहन का दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुए। घटना की सूचना मिलते ही कतरास पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का मुआयना करने के बाद में दोनों वाहन मालिकों के समझौता होने पर दोनों को छोड़ दिया गया।

# उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय में मुलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा का लिया जायजा

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार ने रविवार को कीताझोर स्थित अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, भारत सेवाश्रम एवं लिट्टीपाड़ा स्थित रिंची अस्पताल का निरीक्षण किया। इस



दौरान उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय भवन की स्थिति, कमरे, शौचालय, पुस्तकालय आदि का जायजा लिया। उपायुक्त ने बच्चियों से बात कर खाने पीने की व्यवस्था व पढ़ाई से संबंधित बारी-बारी से जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्रों की संख्या, सभी प्रकार के रजिस्टर, रसोई और भोजन कक्ष, छात्रावास का कमरा, कक्षा कक्ष भोजन की गुणवत्ता और मात्रा, विद्यार्थियों के लिए नोटबुक और पुस्तकें, साथ ही छात्रों को दी जाने वाली नैतिक शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

# पाकुड़ में वार्ड सदस्य कमिटी का हुआ गठन, वार्ड नंबर 19 और 21 में संगठन को मिली नई दिशा

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 19 और वार्ड नंबर 21 में वार्ड सदस्य कमेटियों का गठन किया गया। यह बैठक जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिले के अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पाकुड़ पर्यवेक्षक अशोक दास* जी ने भाग लिया और नवगठित कमेटियों को बधाई देते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर सक्रियता से ही पार्टी की जड़ें और भी गहरी होंगी। इस अवसर पर जिला महासचिव मनीता कुमारी तथा नगर अध्यक्ष बंसराज यादव ने भी अपने विचार रखे और कार्यकताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर की यह कमेटी भविष्य में कांग्रेस पार्टी की रीढ़ बनेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों वार्डों में कांग्रेस के सिद्धांतों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और जमीनी मुद्दों को मजबूती से उठाया जायेगा।

# पेयजलापूर्ति के सुविधार्थ में उपलब्ध कराया पानी टैंकर

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़, पानी की किल्लत को देखते हुए कांग्रेस नगर अध्यक्ष वंशराज गोप ने नगर परिषद की सहायता से वार्ड न० 12 के सिन्धीपाड़ा में पानी का टैंकर मुहैया कराया। जिससे कुछ लोगों ने राहत की सास ली, वही मुहल्लावासियों ने इस नेक कार्य हेतु वंशराज को धन्यवाद दिया। गौरतलब हो कि डीप बोरिंग का मोटर खराब होने के कारण कुछ दिनों से पानी की समस्या से लोग खासे परेशान थे। वही वंशराज गोप ने नगर परिषद, पाकुड़ के कार्यपालक पदाधिकारी से फोन पर बात कर जल्द से जल्द मोटर ठीक करवाने की अपील की जबकि कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पिछले दो तीन दिनों में सुचारू रूप से पानी मिलने लगेगा।

# श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया क्षेत्र भ्रमण, विकास कार्यों का लिया जायजा



एनपीटी ब्यूरो

बसंतराय(गोड्डा ): राज्य के श्रम, नियोजन, कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने शनिवार को व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वे महेशपुर, रामपुर, कपेटा और कैथपुरा गांव होते हुए धपरा पहुँचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया तथा आम जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं।

धपरा पहुँचने पर मंत्री श्री यादव ने बिंदेश्वरी यादव के निवास पर आयोजित विवाह समारोह में शिरकत की। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री संजय प्रसाद यादव से ग्रामीणों ने एक चेक डैम का मांग किया जिस पर मंत्री ने जल्द ही चेक डैम देने की बात कही।

मंत्री श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु लगातार प्रयासरत है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाओं का उल्लेख किया और बताया कि जल्द ही नए प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

वहीं भ्रमण के दौरान मंत्री के साथ उप प्रमुख बजरंगी यादव, धपरा पंचायत के मुखिया आलमगीर आलम, कैलाश पंडित, प्रमोद, परवेज आलम, अब्दुल कुद्दुस, धपरा पंचायत के पूर्व मुखिया सहित प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने मंत्री से सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर भी अपनी बात रखी, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स होगा एक्टिव

एनपीटी

झारखण्ड सीएम हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों एवं परिदृश्य के मद्देनजर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक किया। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखण्ड में एक- एक जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें। एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से सम्बन्धित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठाएं जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो ,यह सुनिश्चित की जाए।.मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगाई जाय, वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश प्रेषित कर माहौल



खराब करने का कार्य करते हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों तथा सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान कर उनपर कानूनी कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को एक्टिव करें तथा आवश्यकता के अनुरूप सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स की संख्या बढ़ाएं। सिविल डिफेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाएं. उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को त्वरित राहत, बचाव कार्य, जनजागरूकता और सामुदायिक क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पी एस यू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पताल के रूफटॉप पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाया जाय। बैठक में निर्देश दिया गया कि एम एच ए का निर्देश है कि सिविल डिफेंस रूल्स के अंतर्गत इमर्जेंसी प्रोविजंस का इस्तेमाल करे, खासकर कोई खरीदारी में टेंडर प्रक्रिया छोड़कर मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ा दी जाय। एसेंशियल सर्विस को मेंटेन करने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया। साथ ही एसेंशियल कमोडिटीज पर खास ध्यान रखा जाए. होर्डिंग बिल्कुल नहीं हो। अस्पताल को तैयार रखने समेत महत्वपूर्ण ठिकाने जैसे डैम, प्लांट, यूसीआईएल बिजली घर, आईओसी आदि के सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाय। एनजीओ तथा अन्य सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से संपर्क कर उन्हें तैयार कराये जाने समेत जिला में फायर स्टेशन की तैयारी कर ली जाए। मोबाइल फेल करने पर पी.ए. सिस्टम तैयार कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सचिव पूजा सिंघल, सचिव राजेश शर्मा, सचिव विप्रा भाल, विशेष सचिव आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी, आईजी ऑपरेशन ए०वी० होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ झा, एसपी अभियान अमित रेणु, कमांडेंट जैप -1 राकेश रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मॉकड्रिल और ब्लैकआउट अभ्यास प्रशासनिक अनुमति के बिना ना किया जाए - जिलाधिकारी दीपक मीणा

**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** मॉकड्रिल और ब्लैकआउट के सम्बंध में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जूम पर एक मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें बताया गया कि जनपद गाजियाबाद में हाल ही में आयोजित नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के बाद, अन्य लोगों के द्वारा मॉकड्रिल व ब्लैक आउट के प्रशिक्षण के मामले संज्ञान में आ रहे हैं जिसके क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट रूप निर्देश जारी किए हैं कि भविष्य में प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर सिविल डिफेंस के सहयोग से ही मॉकड्रिल या ब्लैकआउट का अभ्यास किया जाएं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि कोई मॉकड्रिल आयोजित करने का निर्णय लेता है, तो प्रशासनिक




अनुमति के पश्चात कृपया सुनिश्चित करें कि सिविल डिफेंस की एक टीम भी अनिवार्य रूप से मौजूद हो। सिविल डिफेंस कर्मियों की देखरेख के बिना कोई भी मॉक ड्रिल नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि व्हाट्सऐप, न्यूज चैनल पर कोई भी ऐसी न्यूज या मैसेज न फैलाएँ जो अफवाह हो, जिससे कि जनता में दहशत का महौल बने। इस सम्बंध में सिर्फ. विश्वसनीय और अधिकृत स्त्रोत और प्रशासन से जारी दिशा-निर्देश का अपडेट लें।

जिलाधिकारी ने सोसायटी में अग्निशमन प्रणाली ठीक से काम कर रही है और निवासियों से संवाद के लिए उचित ध्वनि प्रणाली है को सुनिश्चित करने हेतु आरडब्लूए सहित अन्य को निर्देशित किया। खबर संग्रह विषेश संवाददाता नरेश चंद्र, जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील की कि आपातकालीन स्थिति के दौरान- लाइट बंद करें, कांच की खिड़की या गेट के पास न खड़े हों, गैस, बिजली के स्विच न चलाएँ, अगर आप खुले मैदान में हैं तो जमीन पर ही लेट जाएँ, अगर आप अंदर हैं तो किसी बैड/टेबल या किसी ठोस पदार्थ के नीचे लेट जाएँ, सोसायटी के लोग लोअर बेसमेंट में जा सकते हैं।

जूम बैठक के दौरान बताया गया कि जिला प्रशासन ने सोसायटी के एओए और आरडब्लूए के साथ एक समर्पित व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। यह ग्रुप हमें किसी भी आगे के निर्देश, आपात स्थिति, बिजली कटौती और सायरन अलर्ट के बारे में सूचित रखेगा।

# नाले में गिरने से हुई युवक की मौत

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। शालीमार गार्डन में रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक युवक की नाले में गिरने से मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक नशे की हालत में नाले की पुलिया पर बैठा था जिससे नशे में होने के कारण उसका बैलेंस बिगड़ गया, और वह नाले में गिर गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। करीब डेढ़ घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से



शव को नाले से निकाला गया। मृतक पुलिया पर जिस जगह बैठा था वहां से उसका बैग पुलिस को मिला जिसमे उसकी पहचान मनोज पुत्र गणेशलाल के रूप में हुई। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मनोज के जीजा ने बताया कि वह गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में वार्ड बॉय का काम करता था। मनोज थाना शालीमार गार्डन अन्तर्गत डीएलएफ कालोनी में अपने परिवार के साथ रहता था।

# गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ गाजियाबाद के नए जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग के कर कमलो द्वारा किया गया इसके बाद राष्ट्रीय लोक अदालत व्यवस्थाओं की जांच करते हुए निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोकदलत में आए हुए आम जनता से भी बातचीत की और उन्होंने केसो के बारे में भी जाना पारिवारिक विवाद बैंकों से संबंधित बीएसएनल और फौजदारी जैसे अन्य मामले इस लोक अदालत में निपटाए जाते हैं ऐसा उन लोगों के लिए भी लाभ कारी होता है जो वर्षों से कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाते रहते हैं और इस लोक अदालत के जरिए है वह आपसी सहयोग से केसो को खत्म कर लेते हैं जिससे दोनों कोई लाभ मिलता है और बरसों की भाग दौड़ भी बच



जाती है वहीं पति-पत्नी के केस में आपसी मतभेद को भुलाकर भी बहुत सारे केस इसी लोक अदालत में सुलझाए जाते हैं, इसके साथ ही फौजदारी जैसे मुकदमे भी लोक अदालत के जरिए आपसी समझौते से खत्म कर लिया जाते हैं बैंकों से संबंधित जि जिम व्यास से संबंधित और बैंकों के रिकवरी से संबंधित होते हैं ऐसे के समय भी बैंकों पर भरना पड़े लोक अदालत इनके लिए एक अच्छा जरिया है ट्रैफिक के चालान हो या अन्य मामले ऐसे ही मामले लोक अदालत के जरिए सुलझाया जाते हैं हमारे विशेष संवाददाता नरेश चंद्र/ पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग ने बताया कि हमारा और आपका माध्यम मीडिया ही है जो आम जनता के बीच लोक अदालत को ज्यादा से ज्यादा फैला सके, लोक अदालत का काम आम जनता में चालान भरना या बैंकों से संबंधित काम नहीं है हमें जनता के बीच जाकर जनता को बताना होगा कि परिवार से संबंधित छोटे-मोटे पारिवारिक विवाद, फौजदारी, जमीन से संबंधित छोटे-मोटे मुकदमे, और ऐसे अन्य मुकदमे भी आपसी समझौते से खत्म किये जा सकते हैं जिनका कोई निराधार ना हो क्योंकि वर्षों से वह लोग कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाते रहते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह और शमनीय संबंधित 47781 वादों को निपटाया गया दंडनीय वादों के जरिए लगभग 72 लाख रूपए दंड के रूप में प्राप्त हुए वहीं राजस्व के लगभग 132908 मामलों को इस लोक अदालत के जरिए निपटाया गया लोन रिकवरी से संबंधित लगभग 125 मामलों को निस्तारण किया गया भरन पोषण लगभग 160 मामलों का निस्तारण किया गया, वही दुर्घटना में लगभग 68 मामलों को इसके जरिए खत्म किए गए इस मौके पर जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट नीरज गौतम विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट गौरव शर्मा जिला जज कुमार मितासर व अन्य

# SDGI ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मेगा जॉब फेयर 2025 का सफल आयोजन

## 50 से अधिक कंपनियों ने लिया हिस्सा, 1100 से अधिक छात्रों ने किया प्रतिभाग

**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** उत्तर भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक, रउझ्क्ष ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद ने मेगा जॉब फेयर झ 2025 का भव्य और सफल आयोजन किया, जो युवाओं के सशक्तिकरण और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक कैंपस, ठ्ल-9, दिल्ली-हापुड़ एक्सप्रेसवे, गाजियाबाद में संपन्न हुआ।

जॉब फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती एम. लता गौतम, निदेशक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रउझ्क्ष के सम्माननीय नेतृत्व झ कुलाधिपति एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अखिल अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर श्री पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त क्ष्क्ष), रजिस्ट्रार राजीव रतन एवं सभी निदेशकों ने उनका हार्दिक स्वागत किया।

अपने उद्घाटन भाषण में श्री अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट), ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उद्योग एवं शिक्षा के बीच सेतु बनाने वाले ऐसे प्रयासों के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया।



इस वर्ष के मेगा जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कॉमर्स, लॉ, फामेर्सी, आर्किटेक्चर, होटल मैनेजमेंट, क्ळक तथा अन्य स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों से जुड़े 1100+ से अधिक जॉब-आकांक्षी छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्रमुख कंपनियों में शामिल थीं: Tech Mahindra, Genpact, Chetu India, HDFC Bank, Axis Bank, Policybazaar.com, Sun Pharma, Jubilant FoodWorks, Lenskart, Barbeque Nation, McDonald's, Krishna Landi Renzo, Concentrix, Mita India, Zettown India, Pukhraj Healthcare, Livzone, HDB Financial Services, Ebixcash Global Services, Rohan Motors Ltd, HRBuzz Staffing Solutions, Telecom Network Solutions, Tick Softwares, Praxous De Legal Law Firm, Mediserve Group, Siddhi Infonet India, Arnav Infosoft, JBM Group, SPM Medicare, Lars Medicare, Alankit, Prerna Group, Mangos Orange, YSF, Transsion, Quess Corp, V5 Global, RupeeQ, Fourrts Pharma, AIM India, Infosoft Technologies, Card Expertise India, Paytm Services, Srijan Srishti Studio, Geekonik एवं कई अन्य।

इन कंपनियों ने कोर टेक्निकल, प्रबंधकीय, सेल्स, एचआर, लीगल, हेल्थकेयर, क्ळ सपोर्ट, फार्मा आदि क्षेत्रों में रोजगार के विविध अवसर प्रस्तुत किए।


इस जॉब फेयर ने छात्रों को न केवल रोजगार और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए, बल्कि उन्हें वास्तविक इंटरव्यू अनुभव और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को समझने का प्लेटफॉर्म भी दिया। कई छात्रों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्राप्त हुए, जबकि कई अन्य को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

इस आयोजन की सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के नेतृत्व, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की अथक मेहनत, फैकल्टी, इंटर्नल प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर्स और समर्पित छात्र स्वयंसेवकों के बेहतरीन समन्वय को जाता है।

अमित भारद्वाज ने कहा, यह मेगा जॉब फेयर प्रतिभा, अवसर और सहयोग का उत्सव है। यह रउझ्क्ष की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है जो छात्रों को उद्योग की गतिशील आवश्यकताओं के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता और उद्योग-आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार करती है।

विश्वविद्यालय नेतृत्व झ कुलाधिपति एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अखिल अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त क्ष्क्ष), रजिस्ट्रार राजीव रतन एवं सभी निदेशकों ने प्रतिभाग करने वाली सभी कंपनियों का आभार व्यक्त किया और यह आश्वासन दिया कि रउझ्क्ष भविष्य में भी इंडस्ट्री-शिक्षा साझेदारी को और मजबूत करता रहेगा, ताकि भारत के युवाओं को कुशल एवं रोजगारपरक बनाया जा सके। साथ ही सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

# इंदिरापुरम में आठ घंटे तक बाधित रही बिजली आपूर्ति




**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। इलाके के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शक्तिखंड, अभय खंड, नीतिखंड और कालापत्थर जैसे क्षेत्रों में बिजली गुल रहने से स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया कि केबल चेंज करने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित की गई थी। उन्होंने बताया कि यह कार्य आवश्यक था ताकि भविष्य में बिजली आपूर्ति में कोई समस्या न हो। बिजली आपूर्ति बाधित होने से गर्मी में लोगों को परेशानी हुई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली कटौती के कारण उनके दैनिक कार्यों में भी व्यवधान पड़ा। बिजली विभाग ने केबल चेंज करने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। मुख्य अभियंता ने बताया कि आगे भी इस तरह के आवश्यक कार्य किए जाएंगे ताकि बिजली आपूर्ति में सुधार हो सके।

# सिक्ख समाज द्वारा सेना के आपरेशन सिन्दूर को समर्थन



गाज़ियाबाद- भारत माता सांस्कृतिक न्यास द्वारा आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा एवं भारत माता की महाआरती में आज सिक्ख समाज द्वारा आपरेशन सिन्दूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह व देश की सेना का समर्थन करते हुए यात्रा के मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह व कार्यक्रम प्रमुख मयंक गोयल को इस आशय से अवगत भी कराया। इस अवसर पर महानगर के समन्वयक सरदार एस पी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं भारतीय सेना ने पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकत के लिए आपरेशन सिन्दूर द्वारा जो सबक दिया है, पूरा देश व सिक्ख समाज उन पर गर्व करता है और उनका अभिनंदन करता है। सीजफायर का उल्लंघन करने पर पुनः पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया जाए। इस अवसर पर जसविन्दर सिंह सनी, रविन्दर सिंह जौली, जगमोहन सिंह सलूजा, मनजीत सिंह सेठी, हरप्रीत सिंह जग्गी, गगन सिंह अरोड़ा, इन्द्रजीत सिंह टीटू, एस एस आनन्द, डाक्टर एस एस पुरी, जसपाल सिंह, दलजीत सिंह टिम्मी, अजीत सिंह नन्दा, मनजीत सिंह साहिबाबाद, रविंद्र सिंह सग्गू, अजीत सिंह, कंवलजीत सिंह सिक्का, हरजोत सिंह, जसबीर सिंह, सुखविंदर सिंह, जगपाल सिंह, मोहन पाल सिंह, इकबाल सिंह सोढ़ी, मुखविन्दर सिंह, सिमरन रंधावा, लवली कौर, शिवप्रीत सिंह, हरजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुई

**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक 4, आर.डी.सी राज नगर समाजवादी पार्टी कार्यालय गाजियाबाद पर संपन्न हुई। बैठक में बरिष्ठ नेतागण, जिला कार्यकारिणी, महानगर कार्यकारिणी विधानसभा अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को पुरजोर तरीके से विरोध करने का संकल्प लिया गया। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण कृत्य करते हुए 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। बैठक में शहीद पर्यटकों श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मामले में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किये गये आपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुये कहा गया कि आतंकवाद को जड़ से मिटा देने की आवश्यकता है। आतंकवाद का समूल नाश करना होगा। जिससे वह भविष्य में अपने फन को फैला ना सके उसके फन को कुचलना होगा। हमें अपने देश की बहादुर सेना और जवानों के पराक्रम और शौर्य पर पर गर्व है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को और पाकिस्तान को उन्हीं की भाषा में मुंहतोड़ जवाब दिया। आज पूरा देश एकजुट होकर अपने देश के वीर सेनानियों के साथ खड़ा है। आज अपने देश की बहादुर सेना की वजह से देश का हर नागरिक अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बैठक में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए देश की



सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को देश के लिए न्योछावर करने शहीद वीर सपूतों को नमन किया गया। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने पदाधिकारियों, कार्यकताओं का आवाहन किया कि वे अपने-अपने बूथों के मतदाता सूची की समीक्षा कर ले, यदि किसी का नाम छूट गया हो तो जुड़वाएं और गलत दर्ज हुआ हो तो नियमानुसार कटवाने की पहल करें।

सपा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश की राजनीति नाजुक दौर से गुजर रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, बेरोजगार सभी त्रस्त हैं। मंहगाई लगातार बढ रही है और थाना, तहसील, अस्पतालों में गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है, भाजपा के पोषित सामंतवादी विचारधारा के लोगों द्वारा पी.डी.ए समाज का निरंतर उत्पीड़न, शोषण और अत्याचार किया जा रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के लोग न्याय दिलाने के लिये जनता की मदद करें, पार्टी के नीतियों, कार्यक्रमों से जोडे, सर्व समाज के लोगों को मान सम्मान के साथ उनके दुख सुख में प्रतिभाग कर भाजपा की जातिवादी और सामंतवादी मानसिकता को उजागर करें । और सर्व समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। मासिक बैठक का संचालन जिला महासचिव नितिन त्यागी ने किया बैठक में प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री राजन कश्यप राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भुवन भास्कर जोशी सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा महिला सभा की प्रदेश महासचिव श्रीमती मधु चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती राज देवी चौधरीपूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विशाल वर्मा महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी यूथ ब्रिगेड ,महानगर अध्यक्ष रविंद्र यादव, छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर, वीरेंद्र सिंह यादव बिन्नू, महानगर सचिव सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कैप्टन सतपाल सिंह यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष दुर्गेश चौधरी महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी संदीप प्रधान नवीन कुमार शर्मा, साकिर हुसैन प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव आशु अब्बासी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गौरव त्यागी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा,रोहित माथुर राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, निसार ,सोनू सैनी ,रिजवान चौधरी सलेक चंद जाटव, जयवीर सिंह जाटव, रवि त्रिपाठी ,छोटू चौहान पिंटू चौहान, शिवानंद चौबे, विवेक यादव, दीपक चौहान ,राहुल चौहान, सुमित त्यागी, सुरेंद्र सिंह दीपू यादव राहुल रावत कार्यालय प्रभारी

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।